
Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2023-25 www.dainikvishwapariwar.com रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

# दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 301 ● वर्ष : 13 ● रायपुर, मंगलवार 05 मई 2026 ● पृष्ठ : 08 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

**सुविचार**



नागरिक आदर्शवान और अनुशासित होना चाहिये, हमारा देश निश्चित विकास करेगा।

Our country would Certainly develop it our citizens submit the mselves to idealism and discipline.

आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

## असम में तीसरी बार बीजेपी, पांडुचेरी में एनडीए का जलवा

# बंगाल में खिला कमल

- बंगाल में प्रचंड जीत के बाद भाजपा मुख्यालय पहुचे पीएम मोदी
- कार्यकर्ताओं को किया संबोधन, भाजपाध्यक्ष नितिन नवीन की तारीफ



**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 में भाजपा की भारी जीत के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दिल्ली में भाजपा के राष्ट्रीय मुख्यालय पहुंचे। प्रधानमंत्री ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। पीएम ने अपने संबोधन के दौरान कहा- भाजपा कार्यकर्ताओं ने बंगाल में कमल खिला दिया। पांच राज्यों की जनता को नमन करता हूं। साथ ही पीएम मोदी ने यह भी संदेश दिया कि हार-जीत लोकतंत्र का हिस्सा है। इस दौरान पीएम मोदी ने भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन की तारीफ भी की। उन्होंने कहा- जब से भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन ने अध्यक्ष पद संभाला है, ये पहले विधानसभा चुनाव थे। इन चुनावों के दौरान हर पार्टी कार्यकर्ता को दिया गया मार्गदर्शन इस जीत में अमूल्य साबित हुआ। पीएम मोदी ने आगे कहा- आज, मैं बंगाल, असम, पुडुचेरी और तमिलनाडु तथा केरलम की जनता के सामने सादर नतमस्तक हूं।

### हिमंता तीसरी बार लेंगे सीएम पद की शपथ

**गुवाहाटी।** असम विधानसभा चुनाव के नतीजों में भाजपा गठबंधन ने ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए 126 में से 101 सीटों पर बढ़त बना ली है. वहीं, कांग्रेस गठबंधन मात्र 21 सीटों पर सिमटता नजर आ रहा है. इन रुझानों ने राज्य में एक बार फिर हिमंता बिस्वा सरमा की सत्ता में वापसी पर मुहर लगा दी है. बीजेपी की इस आंधी में गौरव गोगोई भी उड़ गए हैं. असम में जोरहाट विधानसभा सीट पर कुल 14 दौर की मतगणना के बाद गौरव गोगोई 23000 से ज्यादा वोटों से हार चुके हैं. जोरहाट से पांच बार विधायक रह चुके हितेंद्र नाथ गोस्वामी ने यहां जीत का परचम लहराया हैं.



**बंगाल जीत पर मोदी बोले-गंगोत्री से गंगासागर तक कमल खिला**

## पहली कैबिनेट में आयुष्मान भारत को मंजूरी मिलेगी, घुसपैठियों के खिलाफ होगा एक्शन: प्रधानमंत्री मोदी

**नई दिल्ली।** मोदी जब भाजपा मुख्यालय पहुंचे तो नितिन नवीन दूर चल रहे थे। पीएम ने इशारे से अपने बगल में बुलाया और हाथ पकड़कर उनके साथ चले।

पीएम मोदी ने सोमवार को दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय पर कहा- बंगाल की पहली कैबिनेट मीटिंग में ही आयुष्मान भारत को मंजूरी मिलेगी। घुसपैठ करने वालों पर एक्शन लिया जाएगा। महिलाओं को सुरक्षा का महौल मिलेगा, युवाओं को रोजगार मिलेगा, पलायन रुकेगा। पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी में सरकार बनने पर उन्होंने कहा- गंगोत्री से गंगासागर तक कमल ही कमल खिला है। सालों की साधना जब सिद्धि में बदलती है तो जो खुशी होती है वो खुशी कार्यकर्ताओं के चेहरे पर देख रहा हूं। यह दिन ऐतिहासिक और अभूतपूर्व है। सालों की मेहनत आज सफलता में बदली है और इस जीत का पूरा श्रेय पार्टी के कार्यकर्ताओं और उनके परिवारों को जाता है। उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, बिहार और अब पश्चिम बंगाल में भाजपा/एनडीए की सरकार है। यानी गंगोत्री से गंगासागर तक कमल खिला है। बंगाल के भाग्य में नया अध्याय जुड़ा है, राज्य अब भयमुक्त और विकास की ओर बढ़ेगा।

## बंगाल, असम और पुडुचेरी में भाजपा को भारी बहुमत, छत्तीसगढ़ में जश्न

**रायपुर।** भाजपा का 5 राज्यों में से 3 (पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी) में सरकार बना रही है। फाइनल रिजल्ट बाद में आएंगे। छत्तीसगढ़ में भी जीत का जश्न मनाया जा रहा है। रायपुर बीजेपी कार्यालय एकात्म परिसर में झालमुड़ी खाकर कार्यकर्ताओं ने सेलिब्रेट किया। 'पाप अनाचार में, घोर अंधकार में, श्री राम जी की सेना चली' गाना भी गाया। बलरामपुर में सीएम विष्णु देव साय ने कहा कि, पश्चिम बंगाल की निरंकुश सरकार से जनता को मुक्ति मिलेगी। असम में निश्चित रूप से भाजपा की वापसी हो रही है।



रायपुर में राज्यसभा सांसद लक्ष्मी वर्मा और रायपुर मेयर मिनल चौबे ने कहा कि बंगाल में बीजेपी ने भ्रष्ट को जड़ से उखाड़ फेंका है। सनातन की जीत हुई है। वहीं बिलासपुर भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ताओं ने जमकर आतिशबाजी की। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने बंगाल और असम विजय पर बधाई देते हुए कहा कि, यह कार्यकर्ताओं के परिश्रम का परिणाम है। ममता गई अब बंगाल में समता आई। अद्भुत असम के विकास के लिए हम फिर जुटेंगे। बिलासपुर में बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला के दफ्तर में 'झालमुड़ी पार्टी' का आयोजन किया गया, जहां कार्यकर्ताओं ने जमकर आतिशबाजी की और ढोल-ताशों की धुन पर थिरकते हुए जीत का जश्न मनाया।

## तमिलनाडु में थलापति का 'विजय' घोष



**चेन्नई।** 4 मई की शाम 5 बजे तक टीवीके 108, डीएमके 59 और एआईडीएमके 44 सीटों पर बढ़त बनाए हुए थी। बहुमत के लिए 118 सीटें चाहिए। यही रिजल्ट रहा, तो टीवीके को सरकार बनाने के लिए सिर्फ 10 सीटों की जरूरत है। सिनेमा के पर्दे पर 'मास्टर' बनकर सिस्टम सुधारने वाले, 'मर्सल' बनकर करप्शन से लड़ने वाले और 'लिओ' बनकर दुश्मनों को खत्म करने वाले विजय अब तमिलनाडु की सरकार चलाएंगे। चेन्नई के टीनगर की रैली में विजय के लिए लोगों में दीवानगी देखी। विजय को देखते ही एक शख्स पहले जोर से चिल्लाया, फिर रोने लगा। विजय की एक झलक के लिए उसने 6 घंटे धूप में खड़े होकर इंतजार किया था। एक्टर थलापति विजय ने तमिल राजनीति में हीरो की तरह एंट्री की है। उनकी पार्टी टीवीके ने तमिलनाडु विधानसभा चुनाव में 100 से ज्यादा सीटों पर बढ़त हासिल कर ली है। यानी विजय का सीएम बनना लगभग तय है। टीवीके की जीत में विजय के 'लेडी लक' को अहम माना जा रहा है। आज उसी 'लेडी लक' एक्ट्रेस तृषा कृष्णन का जन्मदिन है, जिनका नाम विजय से जुड़ता रहा है। तृषा तमिलनाडु चुनाव का रिजल्ट आने से पहले तिरुमाला मंदिर पहुंचीं, दर्शन किए और फिर विजय के घर पहुंचीं।

## ममता स्ट्रॉन्गरूम से निकलकर बोलीं- मुझे मारा, धक्का दिया

- भवानीपुर में दोबारा काउंटिंग होनी चाहिए




**कोलकाता।** बंगाल की 293 सीटों पर वोटों की गिनती जारी है। एक सीट फलता पर 21 मई को फिर वोटिंग होगी। भाजपा ने 137 सीटें जीत ली हैं और 71 पर आगे है। वहीं टीएमसी ने 49 सीटें अपने नाम कीं और 30 सीटों पर आगे चल रही है। कांग्रेस को सिर्फ दो सीट पर जीत मिली है। भवानीपुर से ममता करीब 500 वोट से पीछे हैं। वे काउंटिंग सेंटर में करीब 5 घंटे रहीं। बाहर आकर उन्होंने आरोप लगाया कि, मुझे अंदर धक्का दिया और पीटा गया। भाजपा की यह जीत नहीं बल्कि लूट है। चुनाव आयोग ने केंद्रीय बलों, प्रधानमंत्री और गृह मंत्री के साथ मिलकर जो कुछ भी किया है वह पूरी तरह से गैर-कानूनी है। यहां दोबारा काउंटिंग होनी चाहिए।

## जामनगर टाडा कोर्ट का बड़ा फैसला: 1993 हथियार तस्करी कांड में 12 दोषी करार

**जामनगर।** एक विशेष टाडा अदालत ने सोमवार को 1993 में गुजरात तट पर हथियारों की तस्करी की साजिश से जुड़े एक मामले में 12 लोगों को दोषी ठहराया और 17 अन्य आरोपियों को बरी कर दिया। इस तस्करी में अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम का हाथ था और इसका उद्देश्य बाबरी मस्जिद विध्वंस का बदला लेना था। गुजरात की एक विशेष टाडा अदालत ने सोमवार को तीन दशक पुराने हथियार तस्करी मामले में अपना ऐतिहासिक फैसला सुनाया। यह मामला 1993 में गुजरात तट के रास्ते भारत में आरडीएक्स और घातक हथियारों की अवैध तस्करी से जुड़ा है, जिसकी साजिश अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम ने रची थी। जामनगर की एक विशेष टाडा अदालत ने सोमवार को 1993 में गुजरात तट पर हथियारों की तस्करी की साजिश से जुड़े एक मामले में 12 लोगों को दोषी ठहराया और 17 अन्य आरोपियों को बरी कर दिया। इस तस्करी में अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम का हाथ था और इसका उद्देश्य बाबरी मस्जिद विध्वंस का बदला लेना था। विशेष लोक अभियोजक तुषार गोकानी ने बताया कि आतंकवादी और विघटनकारी गतिविधियां रोकथाम (टाडा) अधिनियम की विशेष अदालत के न्यायाधीश आर.पी. मोगेरा ने 12 आरोपियों को दोषी ठहराया है।



### दाऊद इब्राहिम की साजिश का हुआ पर्दाफाश

यह मामला दाऊद इब्राहिम तथा दुबई और पाकिस्तान में स्थित उसके सहयोगियों द्वारा रची गई एक साजिश से संबंधित है, जिसका उद्देश्य अयोध्या में छह दिसंबर, 1992 को बाबरी मस्जिद के विध्वंस का बदला लेने के लिए समुद्र के रास्ते आरडीएक्स समेत बड़ी मात्रा में हथियारों और विस्फोटकों की तस्करी करके उन्हें भारत में लाना था। गोकानी ने बताया कि जुलाई 1993 में जामनगर बी-डिवीजन पुलिस थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई थी और यह फैसला कई दशकों तक चली जांच के बाद आया है। दाऊद इब्राहिम समेत आरोपियों पर टाडा अधिनियम, भारतीय दंड संहिता, शस्त्र अधिनियम और विस्फोटक पदार्थ अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था।



### बंगाल में भाजपा की जीत का जश्न

पश्चिम बंगाल, असम, तमिलनाडु, केरलम और पुडुचेरी में विधानसभा चुनाव के रिजल्ट लगभग साफ हो चुके हैं। बंगाल में भाजपा की जीत जश्न दिल्ली तक मन रहा है। दिल्ली में पीएम मोदी बंगाली पोशाक में भाजपा हेडक्वार्टर पहुंचे। असम सीएम हिमंता भी जीत के जश्न में खूब झूमे। इधर, चेन्नई में समर्थकों ने टीवीकेचीफ विजय की गाड़ी घेर ली।

## विकास, सुशासन और राष्ट्रहित के पक्ष में ऐतिहासिक आया जनादेश : सीएम साय

**रायपुर( विश्व परिवार )।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने पश्चिम बंगाल, असम एवं पुडुचेरी के विधानसभा चुनाव परिणामों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे भारतीय लोकतंत्र के लिए एक ऐतिहासिक और गौरवपूर्ण क्षण बताया है।

उन्होंने कहा कि यह जनादेश जागरूक, राष्ट्रनिष्ठ और विकासोन्मुख जनता की परिपक्व सोच का परिणाम है, जिसने सुशासन, स्थिरता और राष्ट्रहित को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी को असम और पुडुचेरी में पुन: जनादेश प्राप्त होना तथा पश्चिम बंगाल में पार्टी की ऐतिहासिक सफलता, देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संचालित



सुशासन और 'विकसित भारत' के संकल्प पर जनता के अटूट विश्वास को दर्शाता है। उन्होंने इसे तुष्टिकरण, भ्रष्टाचार और भय की राजनीति पर विकास और राष्ट्रवाद की निर्णायक विजय बताया।

## जल संकट पर कांग्रेस ने घेरा निगम दफ्तर

- बोर सूखे, टैंकर भी नहीं आ रहा, 9 किमी दूर से पानी लाने को मजबूर हैं लोग



**रायपुर (विश्व परिवार)।** गहराते जल संकट को लेकर कांग्रेस और स्थानीय लोगों ने जमकर प्रदर्शन किया। कांग्रेस ने शहर के जोन-8 कार्यालय का घेराव किया। मामला गुढियारी, अशोक नगर और बजरंग चौक समेत आसपास के इलाकों में लंबे समय से चल रही पानी की किल्लत का है। रायपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के वार्ड-19, दुर्गा चौक, बजरंग चौक, बड़ा अशोक नगर और आसपास की बस्तियों में हालात बेहद खराब बताए जा रहे हैं।

लोगों का कहना है कि पीने का पानी तक उन्हें करीब एक किलोमीटर दूर से लाना पड़ रहा है। इलाके की ज्यादातर बोरिंग बंद पड़ी हैं और टैंकर की सप्लाई भी जरूरत के मुकाबले बहुत कम है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री सुबोध हरितवाल ने आरोप लगाया कि पानी जैसी बुनियादी जरूरत को लेकर नगर निगम गंभीर नहीं है। प्रशासन सिर्फ कागजी दावे और फोटो जारी कर हालात सामान्य दिखाने की कोशिश कर रहा है, जबकि जमीन पर लोग पानी के लिए जूझ रहे हैं। हरितवाल ने सवाल उठाया कि जब पानी का टैक्स लिया जा रहा है तो पर्याप्त सप्लाई क्यों नहीं दी जा रही। वहीं, नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी ने कहा कि, पानी की कमी का असर लोगों की रोजी-रोटी पर पड़ रहा है। लोगों को दिनभर पानी के इंतजार में घर पर रहना पड़ता है, जिससे वे काम पर नहीं जा पा रहे।

## छत्तीसगढ़ में बारिश-ओले गिरने का अलर्ट, बिजली गिरने की आशंका

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के कई जिलों में गरज-चमक के साथ तेज हवाओं और बारिश की संभावना जताई गई है। अगले कुछ घंटों में 30 से 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने के आसार हैं, साथ ही आकाशीय बिजली गिरने की चेतावनी भी जारी की गई है। अलर्ट कोंडागांव, उत्तर बस्तर कांकेर, धमतरी, गरियाबंद, कोरबा, जशपुर, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही, सरगुजा, सूरजपुर, कोरिया और बलरामपुर जिलों के लिए जारी किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार, कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। संभावित खराब मौसम को देखते हुए लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। विशेष रूप से खुले स्थानों, पेड़ों और बिजली के खंभों के पास जाने से बचने को कहा गया है। पिछले 24 घंटे में उत्तर छत्तीसगढ़ के कई इलाकों में अधिकतम तापमान 2 से 5 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ा। वहीं बाकी क्षेत्रों में तापमान में खास बदलाव नहीं हुआ। मौसम विभाग के मुताबिक अगले 24 घंटे तक तापमान में ज्यादा बदलाव नहीं होगा, लेकिन इसके बाद अगले 5 दिनों में अधिकतम तापमान 3 से 5 डिग्री तक गिर सकता है। प्रदेश में रविवार को सबसे ज्यादा अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस राजनांदगांव में रिकॉर्ड किया गया। वहीं सबसे कम न्यूनतम तापमान 21.3 डिग्री सेल्सियस जगदलपुर में दर्ज हुआ।

**गरज-चमक के साथ तेज हवाओं और बारिश की संभावना जताई गई है।**

## रायपुर में दूसरे मैच के लिए टिकट विंडो ओपन

- बेंगुलूरु-मुंबई मैच में 10वीं-12वीं टॉपर्स को फ्री एंट्री, 8 मई को पहुंचेंगे चैलेंजर्स



**रायपुर (विश्व परिवार)।** रायपुर में 10 मई को होने वाले आईपीएल मैच के पहले फेज की सारी ऑनलाइन टिकट बिक चुकी है। वहीं 12 मई को होने वाले दूसरे मैच के लिए टिकट विंडो ओपन कर दी गई है। दर्शक https://shop.royalchallengers.com/ticket वेबसाइट पर जाकर टिकट खरीद सकते हैं। पहला मैच दिन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और मुंबई इंडियंस के बीच मैच खेला जाएगा। वहीं दूसरा मैच रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और केकेआर के बीच होना है। मैच की सबसे सस्ती टिकट 2500 रुपए की है। लेकिन इस रेट की कोई भी उपलब्ध नहीं दिखा रही है।वहीं, 10 मई को होने वाले मैच के लिए स्कूल शिक्षा विभाग ने 10 वीं, 12 वीं मेरिट में आए स्टूडेंट्स को फ्री में मैच दिखाने की व्यवस्था की है। जानकारी के अनुसार, आरसीबी की टीम 8 मई को रायपुर पहुंचेगी और यहां करीब 6 दिन तक रहेगी। इस दौरान टीम मैदान पर प्रैक्टिस भी करेगी। मुंबई इंडियंस की टीम भी 8 मई के बाद रायपुर पहुंच सकती है। मैच के लिए डिजिटल क्यू-टिकट जारी किए जाएंगे। इन टिकटों को फिजिकल टिकट में रिडीम करने की जरूरत नहीं होगी। दर्शकों को एंट्री के लिए क्यूआर कोड मैच वाले दिन गेट खुलने से कुछ समय पहले ही दिखाई देगा। इससे पहले कोड एक्सेस नहीं किया जा सकेगा।

## आंगन में गौ मांस काटते रंगे हाथों गिरफ्तार आरोपी

**बिलासपुर (विश्व परिवार)।** बेलगहना क्षेत्र में उस वक्त सनसनी फैल गई जब एक घर के भीतर खुलेआम गौ मांस काटे जाने का मामला सामने आया और पुलिस ने तड़के सुबह दबिश देकर आरोपी को रंगे हाथों पकड़ लिया। 04 मई 2026 को चौकी बेलगहना थाना कोटा पुलिस को जय गुप्ता निवासी बेलगहना से सूचना मिली कि ग्राम करहीकछार में बिजली ऑफिस के पास रहने वाला सुरेश कुमार सोनवानी अपने घर में गौ मांस काटकर रख रहा है, सूचना मिलते ही पुलिस ने तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया और उनके निर्देशन में टीम गठित कर मौके पर रेड की कार्रवाई की। पुलिस जब आरोपी के घर पहुंची तो देखा कि 53 वर्षीय सुरेश कुमार सोनवानी पिता मनीराम सोनवानी अपने आंगन में बैठकर टंगली से गौ मांस को छोटे-छोटे टुकड़ों में काट रहा था, यह दृश्य देख पुलिस ने तुरंत उसे हिरासत में लिया और मौके पर पूछताछ शुरू की। पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि वह जीवित और मृत गाय-भैंस को काटकर उसका मांस सुखाकर रखता है और खाने के लिए उपयोग करता है। पुलिस ने मौके से लगभग 07 किलोग्राम कटा हुआ गौ मांस और मांस काटने में प्रयुक्त एक टंगली जब्त की, जिससे मामले की गंभीरता और साफ हो गई। इसके बाद आरोपी के खिलाफ छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 5 और 10 के तहत अपराध दर्ज कर विधिवत गिरफ्तार किया गया। पूरी कार्रवाई बेलगहना पुलिस द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण मधुलिका सिंह और एसडीओपी कोटा नुपुर उपाध्याय के मार्गदर्शन में की गई, जिसमें पुलिस टीम की तत्परता और सटीक कार्रवाई ने पूरे मामले का खुलासा कर दिया। फिलहाल, इस कार्रवाई ने साफकर दिया है ।

### OFFICE OF THE NAGAR PANCHAYAT CHANDKHURI, DIST- RAIPUR (CG)

**E-Procurement Tender Notice 1st Call**

**NIT NO/130/NP/PWD/2026** — **CHANDKHURI, Dated 04.05.2026**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) ई-निविदा में आमंत्रित की जाती ह

| क्र. | सिस्टम टेण्डर नं. | कार्य का विवरण | अनु. लागत राशि (रू.लाख में) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र शुल्क | समय सीमा | फिजिकल लिफाफा जमा करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 190196 | Revamping of Material Recovery Facility (MRF) including installation of Machinery and construction of Compost Plant in Municipal Areas of CHANDKHURI, Chhattisgarh | INR 21.92 Lakh | 11,000.00 (Eleven Thousand rupees only) TDR/FDR in favour of CHIEF MUNICIPAL OFFICER. NAGAR PANCHAYAT CHANDKHURI | Rs. 10000/- (Rupees Ten Thousand only) in the form of DD in favour of CHIEF MUNICIPAL OFFICER, NAGAR PANCHAYAT CHANDKHURI | Construction Period -06 months (including rainy season + 03 (three) months of trial run) from the date of issuing of work order | 29-05-2026 5:30 PM तक |
| 2 | 190202 | Small Zonal works up to Rs. 1.50 lakh under various heads. (PWD SOR building 01.01. 2015, Electrical 01.06. 2020 | Rs 25.00 Lakh | 18,750.00 (Eighteen Thousan d Seven Hundred Fifty rupees only) TDR/FDR in favour of CHIEF MUNICIPAL OFFICER, NAGAR PANCHAYAT CHANDKHURI | Rs. 750/-(Rupees Seven Hundred Fifty only) in the form of DD in favour of CHIEF MUNICIPAL OFFICER, NAGAR PANCHAYAT CHANDKHURI | Construction Period-12 months | |
| 3 | 190199 | Small Zonal works up to Rs. 1.50 lakh under various heads. (PWD SOR Road 01.01.2025 PHED USOR 01.06. 2020) | Rs 15.00 Lakh | 11,250.00 (Eleven Thousand Two Hundred Fifty rupees only) TDR/FDR in favour of CHIEF MUNICIPAL OFFICER, NAGAR PANCHAYAT CHANDKHURI | Rs. 750/-(Rupees Seven Hundred Fifty only) in the form of DD in favour of CHIEF MUNICIPAL OFFICER, NAGAR PANCHAYAT CHANDKHURI | Construction Period - 12 months | |

उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत राशि, विस्तृत निविदा दस्तावेज, व अन्य जानकारी ई पोर्टल http://eproc.cqstate.gov.in and https://uad.cg.gov.in से डाऊनलोड की जा सकती एवं कार्यालय आकर जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत चंदखुरी
जिला - रायपुर (छ.ग.)

## नो पार्किंग में खड़े वाहनों पर चला डंडा—दुर्ग में 67 चालान

**दुर्ग।** शहर की सडक़ों पर ट्रैफिक नियम तोडने वालों के लिए अब कोई ढील नहीं बची है और इसी का नतीजा है कि एक ही दिन में 67 वाहनों पर कार्रवाई कर यातायात पुलिस ने साफ संदेश दे दिया कि नो पार्किंग अब महज बोर्ड नहीं, सख्त कानून है। 03 मई 2026 को यातायात पुलिस दुर्ग ने पूरे शहर में विशेष अभियान चलाया और जहां-जहां सडक़ किनारे अव्यवस्थित तरीके से वाहन खड़े मिले।

### कार्यालय नगर पालिका प परिषद् आरंग, जिला रायपुर (छ.ग.)

anagarpalika3@gmail.com

क्र./329/न.पा./लो.नि.वि./2026-27 — आरंग, दिनांक 04.05.2026

**// ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना //**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य की ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | सिस्टम टेंडर नम्बर | कार्य का नाम | अनु. लागत (लाख में) | आनलाईन निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 190169 | Construction Of ADDITIONAL ROOM FOR SARASWATI SHISHU MANDIR AT WARD NO 14 NAGAR PALIKA PARISAD ARANG (2nd Call) | 10.00 | 21-05-2026 |
| 2 | 190192 | CONSTRUCTION OF BOUNDRYWALL AROUND COMMUNITY BUILDING AT WARD NO 02 KHARORA ROAD ARANG (1st Call) | 10.00 | 26-05-2026 |

उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति तथा निविदा दस्तावेज के संबंध में आवश्यक जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल **https://eproc.cgstate.gov.in** से डाउनलोड की जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद् आरंग

## लाईवलीहुड कॉलेज जोरा में निःशुल्क कौशल प्रशिक्षण

**रायपुर।** मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना अंतर्गत लाईवलीहुड कॉलेज जोरा, रायपुर में जिले के 18 से 45 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से कम समय (03 से 04 माह) के विभिन्न कोर्सों में निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। इस योजना के तहत असिस्टेंट इलेक्ट्रिशियन एवं योगा इंस्ट्रक्टर जैसे कोर्स संचालित किए जा रहे हैं। साथ ही, इलेक्ट्रिक व्हीकल सेक्टर में हितग्राहियों को रोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से ट्रेनिंग पार्टनर रायपुर द्वारा लाईवलीहुड कॉलेज परिसर में स्किल ट्रेनिंग लैब स्थापित की गई है। इस लैब में इलेक्ट्रिक व्हीकल से संबंधित विभिन्न कोर्स जैसे इलेक्ट्रिक व्हीकल क्वालिटी कंट्रोल इंस्पेक्टर, इलेक्ट्रिक व्हीकल मेंटेनेंस टेक्नीशियन, इलेक्ट्रिक व्हीकल असेंबली टेक्नीशियन, बैटरी सिस्टम असेंबली ऑपरेटर एवं रिटेल आउटलेट पर चार्जिंग एवं बैटरी स्वैपिंग गतिविधियों से जुड़े प्रशिक्षण ।

### कार्यालय नगर पलिक निगम, रायपुर जोन क्रमांक - 09
### मोवा थाना के पीछे स्थित सामुदायिक भवन

क्र 77//न.पा.नि/जोन क्र. 09/2026 — रायपुर, दिनांक 04.05.2026

**।। द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना ।।**

नगर पालिक निगम, रायपुर के जोन क्रमांक संध्या 5.30 तक निविदायें रजिस्टर्ड डाक / स्पीड पोस्ट के माध्यम से नगर पालिक निगम जोन कार्यालय क्र. 09, में आमंत्रित की जाती है। इस हेतु निविदा प्रपत्र प्राप्त करने के लिए **दिनांक 12.05.2026** को संध्या 5:00 बजे तक आवेदन के साथ निर्धारित राशि जमा कर सकेगें। **दिनांक 14.05.2026** को संध्या 5.00 9 में निम्न कार्य हेतु सीलंबद निविदा नियमानुसार तीन लिफाफा पद्धति से **दिनांक 19.05.2026** को बजे तक निविदा प्रपत्र जारी होगें। प्राप्त निविदायें अगले कार्यदिवस को अपरान्ह 12.00 बजे उपस्थित निविदाकारों अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेंगी।

| क्र. | मंद का नाम | कार्य का नाम | अनुमानित व्यय (रुपये लाख में) | अनुमानित राशि (रूपये में) | निविदा प्रपत्र मूल्य रूपये | निविदा प्रपत्र प्रारूप | समयावधि | ठेकेदार की श्रेणी | एसओआर दर |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सांसद निधि | सामुदायिक भवन निर्माण छत्तीसगढ़ यादव महासभा परिषद, जीरा पिरदा रोड वॉलेन्टीयर क्रासिंग के आगे, मुक्तिधाम के बाजू, लाभाण्डी वार्ड क्रमांक-51 पं. विद्याचरण शुक्ल वार्ड, नगर पालिक निगम, रायपुर जिला रायपुर | 5.40 | 6000.00 | 750.00 | A | 06 माह | ई - रजिस्ट्रेशन द श्रेणी व उससे ऊपर | लोक निर्माण विभाग के भवन एस. ओ.आर. 01.01. 2015 से प्रभावशील एस.ओ.आर. तथा निविदा दिनांक तक संशोधित |

नोट:-
1. कार्य से संबंधित जानकारी एवं शर्ते कार्यालयीन दिवस में नगर पालिक निगम जोन क्रमांक 09. से प्राप्त की जा सकती है। उक्त निदिदा संबंधी जानकारी नगर निगम पोर्टल से भी प्राप्त की जा सकती है।
2. नगर पालिक निगम, रायपुर द्वारा उपरोक्त कार्य हेतु लोक निर्माण विभाग, छत्तीसगढ़ शासन, रायपुर में एकीकृत पंजीयन प्रणाली से सक्षम श्रेणी में पंजीकृत से तीन लिफाफा पद्धति जमा करना है।
3. लिफाफा (अ) में अमानती राशि का एफडी. आर. व शपथ पत्र एवं चाही गई समस्त दस्तावेज।
4. लिफाफा (ब) में निविदा प्रपत्र भरकर सीलबंद करना होगा।
5. (अ) + (ब) एक अन्य तीसरे लिफाफे (स) में भरकर ही स्पीड पोस्ट के द्वारा प्राप्त किया जावेगा।
6. सर्वप्रथम लिफाफा (स) खोलने के पश्चात् लिफाफा (अ) खोला जावेगा, जिसमें शपथ पत्र, अमानती राशि का एफडी.आर. एवं अन्य चाही गई दस्तावेज होने पर ही निविदा प्रपत्र की लिफाफा (ब) खोली जावेगी तथा लिफाफे में 'अ' 'ब' एवं 'स' अंकित होना अनिवार्य है।
7. निविदा में उल्लेखित उपरोक्त दिनांक में शासकीय अवकाश होने की स्थिति में अगले कार्यालयीन दिवस में कार्यवाही किया जावेगा।
8. सक्षम श्रेणी का ई-रजिस्ट्रेशन की छायाप्रति, कार्य की राशि का 15 प्रतिशत बैंक साल्वेंशी, अंतिम 03 वर्ष का आई.टी.आर., पेनकार्ड, जी.एस.टी. रजिस्ट्रेशन, जी.एस.टी. रिटर्न (अंतिम तीन माह), अमानती राशि का एफडी. आर. एवं शपथपत्र (रु. 100.00 के नान ज्यूडिशियल स्टांप पेपर के साथ) प्रेषित करना अनिवार्य होगा।
9. 03 वर्ष के आयकर की बाध्यता नये फर्मों के लिए बंधनकारी नहीं होगी। तीन लिफाफा पद्धति में लिफाफा नहीं देने पर निविदा पर विचार नहीं किया जावेगा। ठेकेदारों को फार्म में दिये गये शर्त अनुसार कार्य किया जाना अनिवार्य होगा।
10. किसी भी निविदा को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का अधिकार नगर निगम, रायपुर के पास सुरक्षित है।
11. ठेकेदारों को फार्म में दिये गये शर्तों के अनुसार कार्य किया जाना अनिवार्य होगा।
एस.ओ.आर. दर से 10 प्रतिशत से कम दर प्राप्त होने पर अंतर की राशि पृथक से अमानती राशि एफडी.आर. के रुप में इकरारनामा के पूर्व जमा 12 करना होगा।
13. शासकीय अवकाश या आकस्मिक अवकाश की स्थिति में तिथि एवं समय में परिवर्तन का अधिकार जोन आयुक्त के पास सुरक्षित होगा।
14. कार्यालय द्वारा निर्धारित नियम व शर्ते प्राक्कलन एवं स्थल का अवलोकन निविदा हेतु आवेदन प्रेषित करने के पूर्व कर लिया जावे जिससे अंतिम समय में कोई विवाद न हो।
15. स्थल विवाद की स्थिति में जोन आयुक्त/आयुक्त महोदय द्वारा कार्यादेश निरस्त किये जाने की स्थिति में किसी प्रकार का क्षतिपूर्ति राशि देय नहीं होगा।

**घरों से निकलने वाले सूखा और गीला कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें**

जोन आयुक्त
जोन क्रमांक 09,
नगर पालिक निगम, रायपुर

## भाजपा की चुनावी सफलता पर प्रदेशभर में उत्सव का माहौल



**रायपुर (विश्व परिवार)।** देश के विभिन्न राज्यों में भारतीय जनता पार्टी को मिली महत्वपूर्ण चुनावी सफलता के उपलक्ष्य में छत्तीसगढ़ में भी उत्सव का माहौल रहा। इसी कड़ी में मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने सूरजपुर स्थित भाजपा जिला कार्यालय तथा अग्रसेन चौक में पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ हर्षोल्लास के साथ जीत का जश्न मनाया। इस अवसर पर मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने संबंधित राज्यों की जनता के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह जनादेश भाजपा की नीतियों, विकास कार्यों और सुशासन के प्रति जनता के अटूट विश्वास का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि पार्टी ने सदैव जनसेवा को प्राथमिकता दी है और यही कारण है कि देश के विभिन्न हिस्सों में जनता का समर्थन निरंतर प्राप्त हो रहा है।कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। उन्होंने आतिशबाजी कर खुशी का इजहार किया तथा एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी। साथ ही, झालमुड़ी का आनंद लेते हुए कार्यकर्ताओं ने अपनी प्रसन्नता साझा की। इस मौके पर बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।समूचे आयोजन के दौरान उत्सवपूर्ण वातावरण बना रहा।

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-9)
पुलिस थाना के पास, दुबे कॉलोनी, मोवा, रायपुर
E-mail ID - rmczone9@gmail.com

पत्र क्र. /29395/ न.पा.नि./जोन क्र.-9/2026
रायपुर, दिनांक 04-05-2026

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 29395**
**वार्ड का नाम- 10 - रानी लक्ष्मी बाई वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 10 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR227M00115** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **AKBAR ALI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **M.A. ALI** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **मीर मुमताज अली** पिता/पति, श्री/श्रीमती **मीर आरिफ अली** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्री राकेश शर्मा
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक-9
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-9)
पुलिस थाना के पास, दुबे कॉलोनी, मोवा, रायपुर
E-mail ID - rmczone9@gmail.com

पत्र क्र. /31038/ न.पा.नि./जोन क्र.-9/2026
रायपुर, दिनांक 04-05-2026

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 31038**
**वार्ड का नाम- 9 - पं. मोतीलाल नेहरू वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 9स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR227V00832** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **ARUN KUMAR SHUKLA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **B. L. SHUKLA** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **राजू सावरकर** पिता/पति, श्री/श्रीमती **स्व. यादव राव सावरकर** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्री राकेश शर्मा
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक-9
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-9)
पुलिस थाना के पास, दुबे कॉलोनी, मोवा, रायपुर
E-mail ID - rmczone9@gmail.com

पत्र क्र. /31039/ न.पा.नि./जोन क्र.-9/2026
रायपुर, दिनांक 04-05-2026

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 31039**
**वार्ड का नाम- 32 - महर्षी वाल्मीकि वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 32 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR328S51103** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **SHRI BRIJ KISHOR AGRAWAL,SHRI RAJESH KUMAR AGRAWAL** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LATE BANWARI LAL AGRAWAL** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **1. RAJESH KUMAR AGRAWAL 2. KSHAMA AGRAWAL** पिता/पति, श्री/श्रीमती **1.LATE. BANWARILAL AGRAWAL 2. RAJESH KUMAR AGRAWAL** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्री राकेश शर्मा
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक-9
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-2)
शहीद स्मारक स्कूल भवन, फाफाडीह, रायपुर
Email ID - rmczone2@gmail.com

पत्र क्रं./31071/न.पा.नि./जोन क्रं.-2/2026
रायपुर दिनांक : 04-05-2026

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 31071**
**वार्ड का नाम- 13 - राजीव गांधी वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 13 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR222H00234** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **MR. KANDHARIMAL** पिता/पति, श्री/श्रीमती .... के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **1. श्री लोकुमल मंधयान 2 श्री जे. के. मंधयान** पिता/पति **स्व. श्री कंधारीमल मंधयान** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **शपथ पत्र, सत्यापन, मृत्यु प्रमाण पत्र, बैनामा** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
श्री संतोष पाण्डेय
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक- (2)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-2)
शहीद स्मारक स्कूल भवन, फाफाडीह, रायपुर
Email ID - rmczone2@gmail.com

पत्र क्रं./31065/न.पा.नि./जोन क्रं.-2/2026
रायपुर दिनांक : 04-05-2026

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 31065**
**वार्ड का नाम- 27- इंदिरा गांधी वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 27 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR220K0084A** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **PRAKASH KODWANI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LATE. RADHA KISHAN KODWANI** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **श्री धर्मेन्द्र कुमार देसाई** पिता/पति **स्व. श्री रतिलाल भाई देसाई** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
श्री संतोष पाण्डेय
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक- (2)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-2)
शहीद स्मारक स्कूल भवन, फाफाडीह, रायपुर
Email ID - rmczone2@gmail.com

पत्र क्रं./31072/न.पा.नि./जोन क्रं.-2/2026
रायपुर दिनांक : 04-05-2026

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 31072**
**वार्ड का नाम- 27- इंदिरा गांधी वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 27 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR737C00029** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **SHARAD SHUKLA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **KRIPASHANKAR SHUKLA** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **1. जयंत कुमार अग्रवाल पिता - स्व. श्री गोपाल प्रसाद अग्रवाल, 2. श्रीमती चित्ररेखा अग्रवाल पति - जयंत कुमार अग्रवाल, 3. श्रीमती श्रिया अग्रवाल पति - श्री विवेक अग्रवाल 4. श्री विवेक अग्रवाल पिता - श्रीनिवास अग्रवाल** पिता/पति .....ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
श्री संतोष पाण्डेय
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक- (2)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

### कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02, शंकर नगर रायपुर (छ.ग.), फोन नं.- 0771-4903223
Email Id: eocghbzone02@gmail.com

**आम-सूचना**

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि **दीनदयाल आवास योजनांतर्गत सड्डू रायपुर** में स्थित **एल.आई.जी. भवन क्रमांक-799, श्री देवेन्द्र योगी पिता श्री आर.एस. योगी** के नाम से आबंटित है, आबंटी द्वारा उक्त भवन की सेलडीड /लीजडीड / विक्रय विलेख **दिनांक 09/05/2006** को पंजीकृत कराने के उपरांत भवन की पूर्ण राशि जमा कर आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है। वर्तमान में आबंटी **श्री देवेन्द्र योगी पिता श्री आर.एस. योगी निवासी-ई-8. ग्रीन पार्क, होटल छत्तीसगढ़ विशाल नगर, तेलीबांधा, रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.)** के द्वारा उक्त भवन को क्रेता **श्रीमती रेखा नौरंगे पति श्री होमदास नौरंगे निवासी-एल.आई.जी.-428. सेक्टर-03, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, सड्डू रायपुर जिला रायपुर (छ.ग.)** के नाम से विक्रय करने के लिये इस कार्यालय में अपना आवेदन एवं विक्रय इकरारनामा, शपथ पत्र एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर अनापत्ति प्रमाण पत्र (NOC) की मांग की गई है। अतः उक्त भवन के विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तिय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

सम्पदा अधिकारी,
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं
अधोसंरचना विकास मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02, रायपुर (छ.ग.)

### कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01, सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर
email Id- eocghbzone1@gmail.com

**आम-सूचना**

**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा कॉलोनी पं. दीनदयाल उपाध्याय नगर डंगनिया रायपुर** में निर्मित सिनियर **एच.आई.जी. फ्लैट (कंचन अश्व परिसर)** योजना के अंतर्गत, फ्लैटों/भवनों में से फ्लैट/भवन **क्रमांक सिनियर एच.आई.जी. फ्लैट-ब्लॉक ए/।/105** प्रथमतल में **श्री सतीश अग्रवाल पिता श्री चोखे लाल अग्रवाल** को स्ववित्तीय / एकमुश्त आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा **दिनांक 22.05.2007** को विक्रय विलेख निष्पादित कर लिया गया। आबंटी उक्त फ्लैट/भवन के विक्रय करने हेतु **दिनांक 24.04.2026** को निष्पादित इकरारनामा की छायाप्रति प्रस्तुत कर उक्त फ्लैट / भवन **1. श्रीमती आस्था वर्मा पति श्री श्रीकांत वर्मा 2. श्री श्रीकांत वर्मा पिता श्री अश्विनी कुमार वर्मा** के नाम से विक्रय करने के लिए विक्रय अनुमति की मांग की हैं। अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय / अर्द्धशासकीय संस्था इत्यादि को उक्त फ्लैट भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो, तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आमसूचना प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नही की जायेंगी।

सम्पदा अधिकारी,
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं
अधोसंरचना विकास मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01
कबीर नगर, रायपुर

### कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला- रायपुर (छ.ग.)
Email :birgaonmcp@gmail.com,
Website : www.nagarnigambirgaon.com

**-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-**

**नामांतरण प्रकरण क्र. 52 दिनांक 04.05.2026**
**वार्ड का नाम- मां दंतेश्वरी वार्ड**
**वार्ड क्र. 16 वर्ष- 2025-26**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार भवन/भूमि जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में वार्ड क्रमांक 16 मांग **पंजी क्र. 2060 युआईडी 40529** अनुसार अधिभोगी का नाम श्री/श्रीमती **जसबीर सिंग / गुरूचरण सिंह** से दर्ज है, श्री/श्रीमती **राज कुमार यादव / राम रतन यादव** अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा/ वंशानुक्रम/ बिक्रीनामा आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 15 दिन के भीतर/अथवा दिनांक 19-05-2026 तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

राजस्व अधिकारी
नगर पालिक निगम, बीरगांव
जिला-रायपुर (छ.ग.)

### कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला- रायपुर (छ.ग.)
Email :birgaonmcp@gmail.com,
Website : www.nagarnigambirgaon.com

**-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-**

**नामांतरण प्रकरण क्र. 53 दिनांक 04.05.2026**
**वार्ड का नाम- पं. जवाहर लाल नेहरू वार्ड**
**वार्ड क्र. 33 वर्ष- 2025-26**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार भवन/भूमि जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में वार्ड क्रमांक 33 मांग **पंजी क्र. 308 युआईडी 29768** अनुसार अधिभोगी का नाम श्री/श्रीमती **हरीश कुमार पटेल / भीमाजी भाई पटेल** से दर्ज है, श्री/श्रीमती **सुनील कुमार जगवानी** अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा/ वंशानुक्रम/ बिक्रीनामा आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 15 दिन के भीतर/अथवा दिनांक 19-05-2026 तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

राजस्व अधिकारी
नगर पालिक निगम, बीरगांव
जिला-रायपुर (छ.ग.)

### कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला- रायपुर (छ.ग.)
Email :birgaonmcp@gmail.com,
Website : www.nagarnigambirgaon.com

**-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-**

**नामांतरण प्रकरण क्र. 51 दिनांक 04.05.2026**
**वार्ड का नाम- शहीद चंद्रशेखर आजाद वार्ड**
**वार्ड क्र. 30 वर्ष- 2025-26**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार भवन/भूमि जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में वार्ड क्रमांक 30 मांग **पंजी क्र. 377 युआईडी 27479** अनुसार अधिभोगी का नाम श्री/श्रीमती **जे. पी. सिंह / चंद्रदेव सिंह** से दर्ज है, श्री/श्रीमती **भूपेन्द्र शर्मा / स्व. कीर्ति शर्मा** अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा/ वंशानुक्रम/ बिक्रीनामा आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 15 दिन के भीतर/अथवा दिनांक 19-05-2026 तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

राजस्व अधिकारी
नगर पालिक निगम, बीरगांव
जिला-रायपुर (छ.ग.)

### कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला- रायपुर (छ.ग.)
Email :birgaonmcp@gmail.com,
Website : www.nagarnigambirgaon.com

**-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-**

**नामांतरण प्रकरण क्र. 50 दिनांक 04.05.2026**
**वार्ड का नाम- लाल बहादुर शास्त्री वार्ड**
**वार्ड क्र. 13 वर्ष- 2025-26**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार भवन/भूमि जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में वार्ड क्रमांक 13 मांग **पंजी क्र. 159 युआईडी 16086** अनुसार अधिभोगी का नाम श्री/श्रीमती **प्रभुराम साहू / सखी साहू** से दर्ज है, श्री/श्रीमती **देवा साहू / प्रभुराम साहू** अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा/ वंशानुक्रम/ बिक्रीनामा आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 15 दिन के भीतर/अथवा दिनांक 19-05-2026 तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

राजस्व अधिकारी
नगर पालिक निगम, बीरगांव
जिला-रायपुर (छ.ग.)

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-9)
पुलिस थाना के पास, दुबे कॉलोनी, मोवा, रायपुर
E-mail ID - rmczone9@gmail.com

पत्र क्र. /30998/ न.पा.नि./जोन क्र.-9/2026
रायपुर, दिनांक 30-04-2026

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 30998**
**वार्ड का नाम- 09 - पं. मोतीलाल नेहरू वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 09 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR226R0377A** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **BALDAU NISHAD** पिता/पति, श्री/श्रीमती **DWARIKA NISHAD** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **दाऊलाल निषाद** पिता/पति, श्री/श्रीमती **स्वार्गीय द्वारिका प्रसाद राय** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **शपथ पत्र आपसे बंटवारानामा** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्री राकेश शर्मा
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक-9
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-9)
पुलिस थाना के पास, दुबे कॉलोनी, मोवा, रायपुर
E-mail ID - rmczone9@gmail.com

पत्र क्र. /30999/ न.पा.नि./जोन क्र.-9/2026
रायपुर, दिनांक 30-04-2026

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 30999**
**वार्ड का नाम- 09 - पं. मोतीलाल नेहरू वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 09 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR227X00441** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **SABA NAQVI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **SAYYED ANEES ALI NAQVI** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **डॉ. अनुमेहा झा** पिता/पति, श्री/श्रीमती **सुचित राय** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्री राकेश शर्मा
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक-9
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

दैनिक
# विश्व परिवार

बिलासपुर संभाग

रायपुर, मंगलवार 05 मई 2026



# महिला का अपहरण कर 22 लाख की फिरौती मांगने वाले 2 आरोपियों को सूरजपुर पुलिस ने किया गिरफ्तार

### मुख्य आरोपी प्रार्थी के पूर्व किया था 18 चालक

### पुलिस की लगातार पेट्रोलिंग से भयभीत आरोपियों ने अपहृता को छोड़ा

**सूरजपुर ब्यूरो (दैनिक विश्व परिवार)**–थाना सूरजपुर पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है पुलिस ने जहां अपहृत महिला को बरामद कर लिया है, वहीं दो अपहरणकर्ताओं को भी गिरफ्तार किया है। वहीं फरार 1 अन्य आरोपी की पतासाजी गंभीरतापूर्वक की जा रही है।

पिछले 30.अप्रैल को थाना सूरजपुर क्षेत्र अन्तर्गत एक व्यक्ति ने थाना सूरजपुर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 29 अप्रैल को सुबह अपने ड्राईवर के साथ एक्सीडेंट वाहन को बनवाने अम्बिकापुर गया था, घर में पत्नी अकेली थी, दोपहर करीब 1 बजे पत्नी घर से अपने मोबाईल से इसे फोन करके कितने बजे घर आओंगे पूछी तब यह बताया कि अम्बिकापुर से निकल रहा हूं। दोपहर करीब 3.30 बजे अपने ड्राईवर के साथ घर वापस पहुंचा तो पत्नी घर में नहीं थी। काफी खोजबीन के बाद भी नहीं मिली उसी दौरान करीब 3.50 बजे पत्नी के मोबाईल से इसे फोन आया, फोन पर कोई अज्ञात व्यक्ति बोला कि अपनी पत्नी चाहते हो तो 22 लाख रूपये दो, नहीं तो तुम्हारी पत्नी नहीं मिलेगी। कोई अज्ञात व्यक्ति के द्वारा पत्नी को फिरौती मांगने की नियत से अपहरण कर ले गया है कि रिपोर्ट पर थाना सूरजपुर में अपराध क्रमांक 285/26 धारा 140(2) बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया।



मामले की सूचना पर डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर श्री प्रशांत कुमार ठाकुर ने अपहृता की गंभीरतापूर्वक पता तलाश कर दस्तयाब करने व आरोपी की धरपकड़ के लिए पुलिस की 3 टीम गठित कर लगाया। पुलिस की टीमों के द्वारा घटना स्थल का जायजा लेते हुए आसपास क्षेत्र में सघन पता तलाश करते हुए सायरन बजाकर पेट्रोलिंग किया गया। इसी दौरान प्रार्थी संभावित संदेही को मोबाईल पर फोन किया तब वह फोन नहीं उठाया, इसके बाद संदेही द्वारा प्रार्थी को रात्रि करीब 11.45 बजे फोन किया गया जिस पर प्रार्थी बताया कि वह थाना में रिपोर्ट कर दिया है और पुलिस उसकी पत्नी को खोज रही है।

पुलिस टीम ने तकनीकी मदद व पीड़िता के बताए अनुसार संदेही रौशन देवांगन को दबिश देकर मानपुर से पकड़ा। पूछताछ पर उसने बताया कि वह प्रार्थी के वाहन को 18 माह तक चलाया था जिस कारण वह जानता था कि प्रार्थी एसईसीएल से रिटायर्ड हुआ है और उसे काफी पैसा मिला है। पैसे की लालच में आकर अपने साथियों के साथ मिलकर अपहरण की योजना बनाया और अपने साथी शेख इशू व 1 अन्य व्यक्ति के साथ मिलकर प्रार्थी के घर जाकर उसकी पत्नी से बातचीत कर पीने के लिए पानी मांगे इसके कुछ देर बाद अपहृता को पकड़कर घर अंदर ले गए और योजनानुसार उसके मुंह-आंख में टेप लगा दिए और हाथ पैर बांध दिए और मोटर सायकल में बैठाकर रौशन के टायर पंचर दुकान डुमरिया ले गए और अपहृता के मोबाईल को लेकर ग्राम रूनियाडीह जाकर प्रार्थी को फोन कर 22 लाख रूपये की फिरौती की मांग किए और मोबाईल बंद कर दिए।

पकड़े जाने के डर और पुलिस के पेट्रोलिंग व खोजबीन को देखते हुए प्रार्थी की पत्नी को ग्राम डुमरिया से पीढ़ा होते हुए पर्री से चंदरपुर जाने वाले बाईपास रोड़ पर ले जाकर घायल अवस्था में छोड़ दिए और पीड़िता को ढकने में प्रयुक्त कंबल, बांधने वाला रस्सी, मुह में लगा टेप निकालकर वहीं जला दिए और वहां से चले गए।

डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर ने बताया कि आरोपियों द्वारा पीड़िता को बाईपास रोड़ पर छोड़े जाने के बाद अपहृता एक व्यक्ति के घर पहुंची और वहां से मोबाईल के जरिए सूचना दी जिसके बाद पुलिस टीम और पीड़िता का पति वहां पहुंचे। पीड़िता को घायल अवस्था में देख पुलिस उसे फौरन उपचार के लिए जिला चिकित्सालय सूरजपुर में भर्ती कराई, इसी बीच रौशन देवांगन के पकड़े जाने की सूचना पर आरोपी शेख इशू बिलासपुर की तरफ भागने लगा जिसे केतका में घेराबंदी कर पकड़ा गया।

मामले में आरोपी रौशन देवांगन पिता रामचरण देवांगन उम्र 21 वर्ष निवासी महुआपारा थाना सूरजपुर ,शेख इशू पिता शेख इसराईल खान उम्र 23 वर्ष निवासी शांतीगली मस्जिदपारा थाना सूरजपुर की निशानदेही पर अपहृता का मोबाईल, रस्सी, टेप व कंबल का जला राख, घटना में प्रयुक्त 1 मोटर सायकल, 1 स्कूटी व आरोपियों का 2 नग मोबाईल जप्त कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। मामले में फरार 1 अन्य आरोपी की पतासाजी की जा रही है। कार्रवाई सीएसपी बेनार्ड कुजूर, एसडीओपी सूरजपुर अभिषेक पैंकरा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सूरजपुर विमलेश दुबे, एसआई एस.आर.भगत, संदीप सिंह, एएसआई सुनील सिंह, आरक्षक रविराज पाण्डेय व रामप्रसाद साहू सक्रिय रहे।

## 21 दिवसीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर हेतु पंजीयन प्रारंभ, 10 खेलों में मिलेगा प्रशिक्षण

**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार- )** कलेक्टर श्री एस. जयवर्धन के निर्देशानुसार एवं डिप्टी कलेक्टर रमेश कुमार मोर कि अध्यक्षता में 21 दिवसीय जिला स्तरीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर की बैठक 30 अप्रैल को जिला कलेक्ट्रेट में रखी गई जिसमें सभी खेल संघ के पदाधिकारीगण की उपस्थिति मे निर्णय लिया गया।

21 दिवसीय जिला स्तरीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन जिला प्रशासन तथा खेल एवं युवा कल्याण सूरजपुर के संयुक्त तत्वाधान में किया जाना है, इस प्रशिक्षण शिविर में कुल 10 खेल विधा वॉलीबाल, कबड्डी, खो-खो, फुटबॉल, ताईक्कांडो, वुशू, कराटे, बैडमिंटन, एथलेटिक्स व स्विमिंग का प्रशिक्षण अनुभवी प्रशिक्षक या व्यायाम प्रशिक्षकों के माध्यम से दिया जायेगा।

जिला स्तरीय खेल प्रशिक्षण शिविर में 10 से 17 वर्ष आयु वर्ग जुनियर बालक/बालिका प्रतिभागी भाग ले पायेगे। सभी प्रतिभागी अपना पंजीयन 08 मई तक खेल एवं युवा कल्याण सूरजपुर में जमा करेगें या अपने अपने कोच के पास जमा करेंगें जैसे वॉलीबाल कोच राजनाथ गुप्ता मोबाईल नम्बर 8770996414, एथलेटिक्स कोच नरेश कुश्वाहा मोबाईल नम्बर 8225981488, खो-खो का कोच बालेन्द्र साहू मोबाईल नम्बर 8878212029, स्वीमिंग का कोच वेद कुमार मोबाईल नम्बर 7089813885, फुटबॉल का कोच रामबहादुर लामा मोबाईल नम्बर 9424254151, ताईक्वाडों का कोच आकास सोनवानी मोबाईल नम्बर 8717922101, बैंडमिंटन कोच प्रिसं मोबाईल नम्बर 8103711218, वुशू का लालजी यादव मोबाईल नम्बर 6267481750 कराटे का निमेश मोबाईल नम्बर 9827825090 तथा कबडी का सहदेव रवि का मोबाईल नम्बर 6263774962 में सम्पर्क कर सकते है।

समापन अवसर पर सभी खेल विधाओं के ऐसे प्रतिभागी जिन्होनें पूरे प्रशिक्षण शिविर के दौरान अनुशासन में रहकर अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करेगें, उन्हे मंच के माध्यम से सम्मानित किया जायेगा तथा शिविर में भाग लेने वाले समस्त प्रतिभागियों व ऑफिसियल को प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया जायेगा।

जिला स्तरीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने वाले समस्त प्रतिभागी अपने खेल अनुसार खेल संघो एवं प्रशिक्षको से संपर्क कर आवेदन भर सकते है अधिक जानकारी के लिए खेल एवं युवा कल्याण सूरजपुर संपर्क नम्बर 8319330487 कार्यालीन समय मे सम्पर्क कर सकते है।

## हर्षदीप हॉर्टिको ने एच2 एफवाय 26 के मज़बूत परिणाम पेश किए

**नईदिल्ली।** गमलों, प्लांटर्स, गार्डन एक्सेसरीज और आउटडोर फर्नीचर के मैन्युफैक्चरर और एक्सपोर्टर में विशेषज्ञता रखने वाली हर्षदीप हॉर्टिको लिमिटेड (बीएसई: हर्षदीप) ने वित्त वर्ष 2026 की दूसरी छमाही के लिए अपने अनऑडिटेड वित्तीय परिणामों की घोषणा की।

**वित्त वर्ष 2026की दूसरी छमाही के प्रमुख वित्तीय पहलू**- वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी छमाही में रेवन्यू 36.07 करोड़ रहा, जबकि वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरी छमाही में यह 31.45 करोड़ था, जो पिछले वर्ष की तुलना में 15 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है।

वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी छमाही के लिए प्रॉफिट बिफोर टैक्स (पीबीटी) 6.82 करोड़ रहा, जो वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरी छमाही में 5.48 करोड़ से बढ़कर 25 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर्शाता है।

वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी छमाही के लिए प्रॉफिट आफ्टर टैक्स (पीएटी) 6.82 करोड़ रहा, जबकि वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरी छमाही में यह 5.47 करोड़ था, जो कि पिछले वर्ष की तुलना में 24.68 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है।

परिणामों पर डायरेक्टर हितेश शाह ने कहा कि, हर्षदीप हॉर्टिको लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2026 की दूसरी छमाही में मजबूत प्रदर्शन किया, जो हॉर्टिकल्चर और आउटडोर लाइफस्टाइल सेक्टर में कंपनी की दृढ़ता, ऑपरेशनल एक्सीलेंस और स्ट्रेटेजिक फोकस को दर्शाता है। कंपनी को यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि उसने प्रति शेयर 0.25 रुपये का डिविडेंड घोषित किया है। जो शेयरधारकों को वैल्यू प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है।

वित्तीय वर्ष 2025-26 हर्षदीप हॉर्टिको के लिए एक निर्णायक वर्ष रहा है। हमने प्लांटर सेगमेंट में अपनी नेतृत्व क्षमता को मजबूत किया है, साथ ही कृषि शेड नेट जैसी नई श्रेणियों में भी दमदार प्रवेश किया है, जिससे इनोवेशन बेस्ड डेवलपमेंट के प्रति हमारी प्रतिबद्धता और भी मज़बूत हुई है। हमारा लक्ष्य स्पष्ट रहा: बेहतर डिज़ाइन, एडवांस मैनुफैक्चरिंग और प्रीमियम स्थिति। प्रोडक्ट रेंज के विस्तार से लेकर वितरण और कार्यान्वयन को बेहतर बनाने तक, इस वर्ष उठाया गया हर कदम लांग टर्म वैल्यू क्रिएशन के अनुरूप रहा है। हमें सबसे अधिक उत्साहित करने वाली बात वह नींव है जिसे हम मजबूत कर रहे हैं - एक ऐसी नींव जो रचनात्मकता के साथ-साथ व्यापकता और महत्वाकांक्षा के साथ निरंतरता का संयोजन करती है। आगे बढ़ते हुए, हम सीमाओं को आगे बढ़ाने और ऐसे प्रोडक्ट्स बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं जो न केवल भारत में बल्कि विश्व स्तर पर भी विशिष्ट हों।

हाल ही में, कंपनी ने अपनी विस्तार और इनोवेशन स्ट्रेटेजी के तहत 19 अप्रैल, 2026 को रोटोमोल्डेड डेकोरेटिव वॉटर फाउंटेन नामक एक नई प्रोडक्ट रेंज लॉन्च की है। यह प्रोडक्ट इनडोर और आउटडोर डेकॉर एवं लैंडस्केप समाधानों के अंतर्गत आता है और शुरुआत में घरेलू बाजार को लक्षित करेगा, जिसके बाद अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विस्तार की योजना है। भारत में अपनी तरह का यह पहला रोटोमोल्डेड सेगमेंट कंपनी की इन-हाउस डिजाइन क्षमताओं के माध्यम से विकसित किया गया है। इस लॉन्च से सजावटी एवं लैंडस्केप सेगमेंट में कंपनी की स्थिति मजबूत होने के साथ-साथ उत्पाद विविधता में वृद्धि होने की उम्मीद है। इससे घरेलू और निर्यात बाजारों में विकास के नए अवसर भी उत्पन्न होने की संभावना है।

2025-26 की उपलब्धियां:

कृषि क्षेत्र में शेड नेट का विस्तार किया।

भारत भर में डीलर नेटवर्क को मजबूत किया।

अपनी इको सीरीज़ का विस्तार किया - डिज़ाइन द्वारा टिकाऊ उत्पाद।

आउटडोर डेकोर सेगमेंट में अपनी उपस्थिति का विस्तार किया।

## वैश्य वर्ल्ड फाउंडेशन का सरगुजा संभाग में महत्वाकांक्षी वैवाहिक परिचय सम्मेलन

### विशेष वर्गों के लिए सम्मानजनक पुनर्विवाह की पहल

**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )**–सरगुजा संभाग में सामाजिक समरसता एवं पुनर्विवाह को बढ़ावा देने की दिशा में वैश्य वर्ल्ड फाउंडेशन द्वारा दिनांक 03 मई 2026 को एक भव्य वैवाहिक परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया। यह सम्मेलन विशेष रूप से विधवा, विधुर, तलाकशुदा, निराश्रित, दिव्यांग एवं उम्रदराज महिला एवं पुरुषों के लिए समर्पित रहा, जिससे उन्हें एक सम्मानजनक जीवनसाथी चुनने का अवसर प्राप्त हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भूलन सिंह मरावी जी (विधायक, प्रेमनगर) रहे। अपने संबोधन में उन्होंने आयोजन की विशेष सराहना करते हुए कहा वैश्य वर्ल्ड फाउंडेशन की यह पहल समाज के लिए अत्यंत प्रेरणादायक और अनुकरणीय है। विशेष रूप से सरगुजा संभाग के अध्यक्ष एवं आयोजन समिति के संयोजक विजय राज अग्रवाल जी ने




जिस समर्पण, दूरदर्शिता और सामाजिक संवेदनशीलता के साथ इस कार्यक्रम का नेतृत्व किया है, वह वास्तव में प्रशंसनीय है।

विजय राज अग्रवाल ने कहा कि न केवल एक आयोजन किया है, बल्कि समाज के उन वर्गों को सम्मानपूर्वक मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य किया है, जिन्हें अक्सर परिस्थितियों के कारण उपेक्षा का सामना करना पड़ता है। इस तरह का सुव्यवस्थित, गरिमामय एवं उद्देश्यपूर्ण कार्यक्रम तैयार करना उनकी संगठन क्षमता और समाज के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

मैं विशेष रूप से उनकी इस सोच की सराहना करता हूँ कि विवाह केवल एक सामाजिक परंपरा नहीं, बल्कि सम्मान और आत्मसम्मान के साथ जीवन को पुन: स्थापित करने का माध्यम है। ऐसे प्रयास समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के साथ-साथ एक संवेदनशील और समावेशी वातावरण तैयार करते हैं। निश्चित रूप से विजय राज अग्रवाल जी का यह प्रयास आने वाले समय में अन्य क्षेत्रों के लिए भी प्रेरणा बनेगा।

उन्होंने आगे कहा कि ऐसे आयोजन समाज में समानता, सम्मान और आत्मविश्वास को बढ़ावा देते हैं तथा आने वाली पीढ़ियों के लिए सकारात्मक उदाहरण प्रस्तुत करते हैं।




इस आयोजन की अध्यक्षता आयोजन समिति के अध्यक्ष विजय राज अग्रवाल द्वारा की गई। उन्होंने अपने संबोधन में कहा हमारा उद्देश्य केवल विवाह कराना नहीं, बल्कि समाज के हर उस व्यक्ति को सम्मानजनक जीवन देना है, जो किसी कारणवश अकेलापन झेल रहा है। यह मंच उनके लिए एक नई शुरुआत का अवसर है।

कार्यक्रम के सहसंयोजक महेश कुमार गुप्ता जी ने कहा कि यह पहल समाज में सकारात्मक सोच को बढ़ावा देने का माध्यम है। हम चाहते हैं कि कोई भी व्यक्ति उपेक्षित महसूस न करे और सभी को पारिवारिक जीवन का सुख प्राप्त हो।

वहीं कोषाध्यक्ष तुलेश्वर जायसवाल ने कहा कि समाज के सभी वर्गों के सहयोग से यह आयोजन सफल हुआ है। भविष्य में हम इसे और व्यापक स्तर पर आयोजित कर अधिक लोगों तक इसका लाभ पहुंचाने का प्रयास करेंगे।

वहीं विशिष्ट अतिथियों में श्री मोहन अग्रवाल जी (अध्यक्ष, अग्रवाल सभा) एवं श्री राजेश यादव जी (जिला संरक्षक, यादव समाज सूरजपुर) की गरिमामयी उपस्थिति रही।

कार्यक्रम को सफल बनाने में आयोजन समिति के सहसंयोजक दीनानाथ सिंह यादव सहित आयोजन समिति के अन्य सदस्य दिलीप मिश्रा, साहेब पाठक, शेषनारायण क्षत्रिय, श्याम घोषाल, बिंदु प्रसाद गुप्ता, हुकुमसाय राजवाड़े, माधुरी दास, अंजलि चंद्र, मंजू अग्रवाल, थलेश्वर साहू आदि की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने मंच के माध्यम से अपना परिचय प्रस्तुत किया, जिससे आपसी संवाद एवं समझ को बढ़ावा मिला। उपस्थित अतिथियों ने इस पहल को समाज में सम्मानजनक पुनर्विवाह एवं समावेशी सोच को सशक्त करने वाला महत्वपूर्ण कदम बताया।

50 जोड़ों का काउंसलिंग पूर्ण एवं 6 परिवारों की आपसी सामंजस्य बनी

आयोजन समिति के संयोजक समाज सेवी विजय राज अग्रवाल ने बताया कि आज 50 जोड़ों का काउंसलिंग संपन्न हुई 6 जोड़ो ने एक दूसरे को पसंद किया। मंच का संचालन शेषनारायण क्षत्रिय ने किया

धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ तथा भविष्य में भी ऐसे सामाजिक हित के आयोजनों को निरंतर जारी रखने का संकल्प लिया।

## संक्षिप्त समाचार

### छोटे भाई को बचाने के दौरान बदमाशों ने बड़े भाई को उतारा मौत के घाट, 5 गिरफ्तार

**बिलासपुर।** शनिवार रात मारपीट के दौरान छोटे भाई को बचाने पहुंचे बड़े भाई की हत्या कर दी गई। बदमाशों ने चापड़ से युवक का गला रेत दिया। वारदात के बाद परिजन और स्थानीय लोगों ने थाने का घेराव किया। आरोपियों के खिलाफसख्त कार्रवाई की मांग की। मामला सरकंडा थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक मृतक का नाम अभिषेक यादव (22) है, जो मोपका गुड़ी मोहल्ले का रहने वाला था। उसके चचेरे भाई ओमप्रकाश यादव (16) का कुछ युवकों से विवाद हो गया था। युवकों ने ओमप्रकाश से पिटाई शुरू कर दी। अभिषेक ओमप्रकाश को बचाने के लिए पहुंचा था। तभी बदमाशों ने उस पर भी हमला कर दिया। हालांकि, अभी तक विवाद की वजह स्पष्ट नहीं हो पाई है। दरअसल, अभिषेक यादव क्र सेकंड का स्टूडेंट था। रात करीब 10:30 बजे मोपका चौक में उसके चचेरे भाई ओमप्रकाश यादव का युवकों से विवाद हो गया। देखते ही देखते कहासुनी मारपीट में बदल गई। करीब 5 युवकों ने ओमप्रकाश को घेरकर पीटना शुरू कर दिया। छोटे भाई को पिटता देख अभिषेक मौके पर पहुंचा और उसे बचाने की कोशिश की। इसी दौरान आरोपियों ने उस पर हमला कर दिया। एक युवक ने चापड़ से अभिषेक के गले पर वार किया। गंभीर रूप से घायल अभिषेक जमीन पर गिर पड़ा और कुछ ही देर में उसकी मौत हो गई। घटना के बाद ओमप्रकाश जान बचाकर भागा। आरोपी उसका पीछा करते हुए नजदीकी पुलिस चौकी तक पहुंच गए। किसी तरह वह चौकी में घुसकर अपनी जान बचा सका। घटना के बाद परिजन और स्थानीय अभिषेक को तुरंत अपोलो अस्पताल लेकर पहुंचे।

### जनगणना ड्यूटी के दौरान शिक्षक पर हमला, जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** न्यायधानी बिलासपुर में जनगणना कार्य के दौरान शिक्षक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है. बिल्हा ब्लॉक के ग्राम घोघरा में जनगणना की जानकारी लेने पहुंचे शिक्षक के साथ एक नहीं, तीन बार मारपीट की गई. साथ ही जान से मारने की धमकी भी दी गई. शिक्षक ने बिल्हा थाने में मारपीट के खिलाफ शिकायत दी. पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है. जानकारी के मुताबिक, शनिवार की सुबह करीब 10 बजे शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला उड़नताल में पदस्थ शिक्षक नेतराम पैकरा जनगणना ड्यूटी करने ग्राम घोघरा गए थे. इसी दौरान गांव के मकान नंबर 141 में राम करेस चतुर्वेदी के घर के पास गांव के ही निर्मल सतनामी मौके पहुंचा और शिक्षक के साथ तुम यहां क्या कर रहे हो कहते हुए शिक्षक के साथ मारपीट करने लगा. शिक्षक ने तहसीलदार द्वारा जारी आईडी कार्ड भी दिखाया, तो निर्मल ने कहा कि ऐसे कई कार्ड बन जाते है और फिर से मारपीट की. इससे घबरा कर शिक्षक पंचायत भवन पहुंचा. वहां सरपंच को पूरे घटना की जानकारी दे रहा था. उसके बाद भी आरोपी युवक, शिक्षक की एक ना सुनते हुए उसका आईडी कार्ड,और शर्ट को फाड़ दिया. वहां मौजूद अन्य लोगो ने बीच बचाव किया. जिसके बाद शिक्षक दगौरी जाने निकला जिसका आरोपी ने रंजिश पूर्व चुराघाट तक पीछा किया. इस घटना के बाद से शिक्षक भयभीत है. उसने घटना की जानकारी प्रशासनिक और शिक्षा अधिकारियों को दी. जहां से उसे पुलिस में अपराध दर्ज कराने के निर्देश दिए गए. जनगणना कार्य में लगे शिक्षक के साथ मारपीट की रिपोर्ट बिल्हा थाने में दर्ज कराई गई. शिक्षक नेतराम पैकरा की रिपोर्ट पर पुलिस ने मारपीट करने वाले आरोपी निर्मल सतनामी के खिलाफबीएनएस की धारा 132, 221, 121 (1) के तहत अपराध दर्ज कर लिया है. अभी तक आरोपी निर्मल पुलिस की पकड़ से बाहर है. उसको गिरफ्तार नहीं किया गया है.

### यात्री बस अनियंत्रित होकर पलटा, 50 घायल

**जांजगीर-चांपा।** जिले में रविवार को भीषण सड़क हादसा हुआ है. कोरबा के जमनीपाल से यात्रियों को लेकर रायगढ़ के सरिया जा रही बस हादसे का शिकार हो गया है. बस में सवार 50 लोगों घायल हो गए हैं. वहीं 4 लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है. जानकारी के मुताबिक, घटना बम्हनीडीह थाना क्षेत्र के करनोद में हुई है. यात्री बस कोरबा जिला के जमनीपाली से रायगढ़ जिला के सरिया जा रही थीं. इस दौरान जांजगीर-चांपा जिले के करनोद के पास बस पलट गई. बस में करीब 60 लोग सवार थे. बताया जा रहा है कि 50 लोगों को चोटें आई है, जिनमें से कुछ की हालत गंभीर है. घायलों को बम्हनीडीह के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया गया है. जहां उनका इलाज जारी है. हादसे की सूचना के बाद बम्हनीडीह पुलिस मौके पर पहुंची. घटना के बाद सड़क पर लगे जाम की स्थिति को क्लियर कराया जा रहा है. वहीं हादसे के कारणों की जांच जारी है.

दैनिक
विश्व परिवार
विचार-पक्ष
रायपुर, मंगलवार 05 मई 2026
www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com


## संपादकीय

# अपराधों से क्यों आंख मूंदे हुई हैं

विदेश में ऊंची तनख्वाह और चमकदार करियर का झांसा देकर मोटी रकम वसूलने वाले ऐसे अनेक गिरोह सक्रिय हैं, जो बाहर लेकर युवाओं को मुसीबत में छोड़ देते हैं। केंद्र और राज्य सरकारें ऐसे अपराध से क्यों आंख मूंदे हुई हैं? सुप्रीम कोर्ट की ये टिप्पणी उचित है कि कई भारतीयों को नौकरी या पढ़ाई का लालच देकर रूस ले जाने के बाद यूक्रेन युद्ध में लगा देने की घटनाएं मानव तस्करी मानी जाएंगी। इस रूप में रूस जाकर फंसे 26 व्यक्तियों की तरफ से दायर याचिका को सुनवाई के लिए स्वीकार करते हुए तीन जजों की खंडपीठ ने केंद्र से इस बारे में रिपोर्ट मांगी है। याचिका में यह मार्मिक उल्लेख है कि रूस में फंसे ये लोग अपनी इच्छा के खिलाफ एक अन्य देश की लड़ाई लड़ रहे हैं, जिसमें उनकी मौत हो भी सकती है। ये मामला खासा पुराना हो चुका है। केंद्र ने कई बार उन लोगों को वापस लाने का भरोसा दिया, लेकिन असल में कुछ नहीं हुआ। यह भारत की दुर्दशा की एक मिसाल है। दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि ऐसी मिसालों की कोई कमी नहीं है। कुछ समय पहले ऐसी आईं खबरें आईं कि भारतीय युवाओं को आईटी या कॉल सेंटर नौकरी का झांसा देकर दक्षिण-पूर्व एशिया (खासकर म्यांमार, कंबोडिया, लाओस) ले जाया गया और उन्हें ऑनलाइन साइबर अपराध करने के लिए मजबूर किया गया। ऐसे तमाम मामलों में बाहर ले जाने के बाद नौजवानों के पासपोर्ट छीन लिए जाते हैं और उन्हें कैद जैसे हाल में रखा जाता है। खाड़ी देशों में ऐसी घटनाएं बड़ी संख्या में होती रही हैं। विदेश में ऊंची तनख्वाह और चमकदार करियर का झांसा देकर मोटी रकम वसूलने वाले ऐसे अनेक गिरोह सक्रिय हैं, जो बाहर ले जाने के बाद युवाओं को मुसीबत में छोड़ देते हैं। पिछले साल सिर्फ हरियाणा में ऐसी 33 शिकायतें दर्ज हुईं। सर्वोच्च न्यायालय की ताजा परिभाषा के मुताबिक ऐसे तमाम मामले मानव तस्करी के दायरे में आएंगे, जो एक गंभीर अपराध है। मुद्दा है कि केंद्र और राज्य सरकारें ऐसे अपराधों से क्यों आंख मूंदे हुई हैं? उन्हें अपने नौजवानों की चिंता क्यों नहीं है, जो देश में अवसरहीनता से मजबूर होकर विदेशों रोजी-रोटी तलाशने के लिए मजबूर होकर मानव तस्करों के हाथ में पड़ जाते हैं?

# स्मार्ट,संवहनीय,बेजोड़:टेक्निकल टेक्सटाइल इस तरह बुन रहे हैं फुटवियर में भारत का भविष्य

श्री गिरिराज सिंह

आत्मनिर्भर भारत का मतलब सिर्फ उत्पादन में आत्मनिर्भरता ही नहीं, बल्कि वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं में नेतृत्व भी हासिल करना है। कुछेक क्षेत्रों ने ही इस अवसर का फुटवियर की तरह स्पष्ट रूप से उपयोग किया है। फुटवियर रोजमर्रा की जिंदगी में काम आने वाली सबसे आम वस्तुओं में से एक है। इसका इस्तेमाल स्कूली बच्चों, लंबी पाली में काम करने वाले कामगारों और लगातार भागमभाग कर सामान की डिलीवरी करने वालों से लेकर अपनी शारीरिक सीमाओं से आगे जाने वाले एथलीट तक करते हैं। भारत विश्व का दूसरा सबसे बड़ा फुटवियर उत्पादक है। इसके बावजूद वैश्विक फुटवियर निर्यात में हमारी हिस्सेदारी बहुत कम है। यह अंतर क्षमता की कमी के कारण नहीं, बल्कि मटेरियल (सामग्री), डिजाइन और कार्य प्रदर्शन के प्रति दृष्टिकोण बदलने की आवश्यकता के कारण है। इस बदलाव के केंद्र में एक ऐसी श्रेणी भी है जिस पर अक्सर लोगों का ध्यान नहीं जाता, वह है-तकनीकी वस्त्र (टेक्निकल टेक्सटाइल)। मैंने इसे हाल ही में अपनी आगरा यात्रा के दौरान और अधिक स्पष्टता से समझा। आगरा अपने जूतों और चप्पल के लिए जाना जाता है। वहां के उत्पादन समूहों में घूमते हुए और निर्माताओं से बातचीत करते हुए यह स्पष्ट हो गया कि वहां इनके उत्पादन में नवाचार पहले से ही किया जा रहा है। कई इकाइयाँ ऐसी सामग्रियों का उपयोग कर रही थीं जो बहुत आरामदायक, टिकाऊ और नरम जूते बना रही हैं। लेकिन इनमें से कइयों ने इन्हें टेक्निकल टेक्सटाइल के रूप में नहीं बताया। उन सब ने इन्हें सिर्फ ऐसे बेहतर आदानों के रूप में देखा जो उपभोक्ताओं की बदलती जरूरतों को पूरा करते हैं। दिल्ली में फुटवियर संघ के साथ हुई एक बैठक के दौरान यह समझ और गहरी हुई। उद्योग जगत के हितधारकों ने उपभोक्ताओं की बदलती अपेक्षाओं के बारे में बताया, जैसे उपभोक्ता अब हलके, बेहतर कुशनिंग वाले, हवादार और टिकाऊ जूते पसंद करते हैं। ये अब केवल महंगे उत्पादों की विशेषताएं नहीं रह गई, बल्कि मानक ज़रूरतें बनती जा रही थीं। इसी चर्चा के दौरान मेरे विभाग ने एक महत्वपूर्ण बिंदु पर प्रकाश डाला: फुटवियर उद्योग पहले से ही टेक्निकल टेक्सटाइल का व्यापक रूप से उपयोग कर रहा है, भले ही इसे औपचारिक रूप से मान्यता न दी गई हो। उस अहसास ने पूरी चर्चा का स्वरूप ही बदल दिया। वैश्विक स्तर पर, फुटवियर उद्योग सालाना लगभग 23.9 बिलियन जोड़ी जूतों का उत्पादन करता है, जिसका बाजार आकार करीब 500 बिलियन अमरीकी डॉलर है। भारत वैश्विक उत्पादन में लगभग 12.5 प्रतिशत का योगदान देता है, फिर भी निर्यात में इसकी हिस्सेदारी केवल 2 प्रतिशत है। यह आंकड़ा हमारी क्षमता और वैश्विक स्थिति के बीच के स्पष्ट अंतर को दर्शाता है। साथ ही, दुनिया भर के लगभग 86 प्रतिशत फुटवियर 'नॉन-लेदर' (गैर-चमड़ा) हैं, जबकि भारत का उद्योग परंपरागत रूप से चमड़े पर केंद्रित रहा है। देश में भी स्थिति तेजी से बदल रही है। साल 2025 में भारतीय फुटवियर बाजार का आकार 20.67 बिलियन अमरीकी डॉलर तक पहुँच गया, जो बढ़ती आय और उपभोक्ता की बदलती प्रवृत्तियों को दर्शाता है। हालाँकि, एक औसत भारतीय अभी भी साल भर में लगभग 2 जोड़ी जूते ही खरीदता है, जबकि वैश्विक औसत 7 से 8 जोड़ी का है। जैसे-जैसे खरीदने की क्षमता बढ़ेगी, उपभोक्ताओं की पसंद 'आराम' और 'बेहतर प्रदर्शन' होगी। इसे देखते हुए घरेलू बाजार का विस्तार और भी व्यापक होने की उम्मीद है। यही वह बिंदु है जहाँ तकनीकी वस्त्र (टेक्निकल टेक्सटाइल) विकास के अगले चरण के लिए महत्वपूर्ण बन जाते हैं। वस्त्र मंत्रालय में, इस परिवर्तन को 'स्मार्ट, टिकाऊ और निर्बाध' फ्रेमवर्क के माध्यम से आगे बढ़ाया जा रहा है। 'स्मार्ट' फुटवियर' तकनीक और डिजाइन के बढ़ते एकीकरण को दर्शाते हैं। डिजिटल टूल्स, एआई आधारित मॉडलिंग और फुट स्कैनिंग के माध्यम से अब बड़े पैमाने पर व्यक्तिगत जरूरतों के अनुरूप समाधान संभव हो पा रहे हैं। यह रुझान व्यापक रूप से उपभोक्ताओं की जरूरतों और फैशन के अनुरूप है। वर्ष 2025 में, भारत में 28.9 मिलियन स्मार्टवॉच की बिक्री दर्ज की गई, जिससे 780 मिलियन अमरीकी डॉलर का राजस्व प्राप्त हुआ। यह उन उत्पादों के प्रति बढ़ती पसंद को दर्शाता है जो दैनिक उपयोग के साथ-साथ आज के समय के अनुरूप भी हों। स्नीकर (हलके रबड़ के जूते) श्रेणी के जूते इस बदलाव को और अधिक स्पष्ट रूप से दिखाते हैं। अनुमान है कि यह वर्ष 2024 के 3.2 बिलियन अमरीकी डॉलर से बढ़कर 2030 तक यह लगभग 6 बिलियन अमरीकी डॉलर तक पहुँच जायेंगे, जिसमें इसकी मात्रा 55 मिलियन जोड़ी से बढ़कर 70 मिलियन जोड़ी हो जाएगी। उपभोक्ता स्पष्ट रूप से ऐसे फुटवियर खरीद रहे हैं जो 'आरामदायक' हों और 'देखने में भी सुन्दर' हों और यहीं पर 'तकनीकी वस्त्र' एक निर्णायक भूमिका निभाते हैं। संवहनीयता भी एक निर्णायक कारक बनता जा रहा है। पुनर्चक्रित पीईटी प्लास्टिक और 'बायोडिग्रेडेबल' फाइबर जैसे पदार्थ धीरे-धीरे उत्पादन की मुख्यधारा में प्रवेश कर रहे हैं। भारत के लिए, यह न केवल एक पर्यावरणीय अनिवार्यता है, बल्कि वैश्विक बाजारों में खुद को संवहनीय सामग्री के आपूर्तिकर्ता के रूप में स्थापित करने का एक रणनीतिक अवसर भी है। इसी तरह, 'निर्बाध विनिर्माण' की दिशा में बढ़ते कदम भी परिवर्तनकारी साबित हो रहे हैं। 3डी बुनाई और उन्नत निर्माण जैसी तकनीकें कचरे को कम कर रही हैं, दक्षता में सुधार कर रही हैं और उत्पादन चक्र को तेज कर रही हैं। इससे निर्माता निरंतरता और गुणवत्ता बनाए रखते हुए उपभोक्ता की बदलती मांगों के प्रति अधिक प्रभावी ढंग से उत्पादन करने में सक्षम हो रहे हैं। इस बदलाव को और भी मज़बूत बनाने वाली बात है भारत के मौजूदा इकोसिस्टम का पैमाना। फुटवियर उद्योग में पहले से ही 20 लाख से ज़्यादा लोगों को रोज़गार मिला हुआ है, जिसमें लगभग 50 प्रतिशत महिलाएँ हैं; इस वजह से यह समावेशी रोज़गार का एक बड़ा ज़रिया बन गया है। लगभग 2.9 अरब जोड़ी जूतों के सालाना उत्पादन के साथ, भारत में प्रति श्रमिक उत्पादकता लगभग 4 से 5 जोड़ी प्रतिदिन है। इसकी तुलना में, वैश्विक उत्पादन में कहीं ज़्यादा दक्षता देखने को मिलती है, जहाँ मज़दूर प्रतिदिन लगभग 17 से 20 जोड़ी जूते बनाते हैं। आगरा, कानपुर, चेन्नई, रानीपेट, अंबूर और कोलकाता में स्थापित क्लस्टर्स न केवल उत्पादन के केंद्र हैं, बल्कि वे आधार भी हैं जिन पर भारत फुटवियर क्षेत्र में अपनी दक्षता, प्रतिस्पर्धात्मकता और वैश्विक नेतृत्व को नई ऊंचाइयों पर ले जा सकता है। टेक्निकल टेक्सटाइल की ओर यह बदलाव किसी नए उद्योग को खड़ा करने के बारे में नहीं है, बल्कि एक मौजूदा उद्योग की पूरी क्षमता को उजागर करने के बारे में है। आगरा की यात्रा और दिल्ली में हुई चर्चाओं से एक सरल लेकिन प्रभावशाली अंतर्दृष्टि सामने आई—फुटवियर में टेक्निकल टेक्सटाइल कोई उभरती हुई अवधारणा नहीं है। वे पहले से ही इस उद्योग का हिस्सा हैं और चुपचाप फुटवियर उत्पादों को बनाने और तैयार करने में बेहतर योगदान कर रहे हैं। आगे का काम इस एकीकरण को पहचानना, व्यवस्थित करना और इसका विस्तार करना है। फुटवियर क्षेत्र को टेक्निकल टेक्सटाइल्स इकोसिस्टम के दायरे में और ज़्यादा स्पष्ट रूप से लाने से नवाचार को बढ़ावा मिल सकता है, निर्यात बढ़ सकता है और उच्च गुणवत्ता वाले रोज़गार के अवसर पैदा हो सकते हैं। इससे भारत की मैन्युफैक्चरिंग क्षमताओं को वैश्विक मांग के रुझानों के साथ, खासकर नॉन-लेदर और परफॉर्मेंस-आधारित श्रेणियों में, तालमेल बिठाने में भी मदद मिल सकती है। वैश्विक विनिर्माण क्षेत्र में अग्रणी बनने की भारत की यात्रा इस बात पर निर्भर करेगी कि वह पारंपरिक उद्योगों, उन्नत सामग्रियों और आधुनिक डिजाइन के संगम का कितनी प्रभावी ढंग से लाभ उठाता है। फुटवियर ऐसा ही एक संगम है। 'टेक्निकल टेक्सटाइल' वह सूत है जो इस अवसर को एक वैश्विक सफलता की कहानी में पिरोने में मदद कर सकता है।

(लेखक केंद्रीय वस्त्र मंत्री हैं। लेख में व्यक्त लेखक के निजी विचार हैं)



## आलेख

# पूरी दुनिया में 373 करोड़ मज़दूरों में से 62 करोड़ अकेले भारत में

अजय दीक्षित

हर साल पहली मई को विश्व में अंतर्राष्ट्रीय मई ( श्रमिक) दिवस मनाया जाता है। अकेले भारत में 62 करोड़ सर्वाधिक श्रमिक हैं। विश्व की अर्थव्यवस्था में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। लेकिन समाज में सबसे कम रोजगारी इसी तबके को मिलती है। दक्षिण एशिया, अफ्रीका देशों में हालत सबसे खराब है। लेकिन यूरोपीय देशों फ्रांस, जर्मनी,स्पेन, ब्रिटिश इटली, हंगरी,पोलैंड,चेकोस्लोवाकिया, यूक्रेन, रूस, डेनमार्क, नॉर्वे, फिनलैंड, ग्रीस, ऑस्ट्रिया, ऑस्ट्रेलिया,में मजदूर की हालत बहुत अच्छी है।चाइना में भी तकरीबन 50 करोड़ मजदूर है। जबकि अंगोला, नाइजीरिया, इथोपिया,में हालत खराब है। बैसे तो देखा जाय तो समाज का यही तबका ऐसा है क्योंकि मजदूरों के बिना कोई कार्य नहीं हो सकता है चाहे वह शिक्षा से जुड़ा हो या चिकित्सा से ।कारखाने, कृषि,जो भी उत्पादन के क्षेत्र में मजदूर ही प्रमुख है। मजदूरों के कुछ संगठित क्षेत्र है लेकिन असंगठित क्षेत्र में बहुत से मजदूर होते हैं जैसे निर्माण,टैक्सी चालक, रिक्शा चालक,रेडी वाला टांगें वाला, माइक वाला, खोमचे वाला इत्यादि। 1919 में रूसियों की क्रांति मजदूरों की ही क्रांति थी लेनिन, स्टालिन, शुरू आती नेता थे। दरअसल मजदूरी प्रथा कोई नई नहीं है।जबसे समाज और निर्माण बना तभ भी मजदूर थे ।भारत में राजा रजवाड़े के समय बेगारी की प्रथा थी लेकिन तब श्रमिक संगठित नहीं था। कार्ल मार्क्स ने पूरी दुनिया को समाजवाद से साम्य बाद परिकल्पना की। उन्होंने कहा था कि पूरी दुनिया के मजदूर इकट्ठे हो जाय और सत्ता पर कब्जा कर लिया जाए। रूसी क्रांति, यूरोप का रिवोल्यूशन,चाइना में माओ बाद उत्पन्न हुआ। कार्लमाक्र्स का सिद्धांत है कि पूरी दुनिया के लोगों समानता रहनी चाहिए क्योंकि सब ने मनुष्यों में जन्म लिया है।इसी अवधारणा के चलते साम्य बाद का जन्म हुआ। कार्लमाक्र्स पूंजी बाद,राजशाही, कुलीनतंत्र, राजतंत्र के खिलाफ थे ।रूसी क्रांति के दौर में वहां के जार (राजा) की हत्या कर दी गई थी। इसी प्रकार चाइना में माओ के नेतृत्व में लॉन्ग मार्च कर 1949 में सत्ता का तख्ता पलट कर दिया गया था। पोलैंड,चेकोस्लोवाकिया, हॉलैंड, सहित कई देशों में साम्यवाद स्थापित हुआ । सोवियत संघ इन देशों का अंतराष्ट्रीय स्तर पर अगुआ था। मजदूरों के पक्ष में कड़े नियम बढ़ाए गए। ट्रेड यूनियन की स्थापना हुई और कम्युनिस्ट पार्टी की स्थापना हुई कई स्थानों पर बात पार्टी भी नाम था। लेकिन समय के साथ इन ट्रेड यूनियनों,ने सत्ता स्थापित कर वही कार्य किया। इनमें भी अवगुण पैदा होते गए।दूसरे जिम्मेदारी के अभाव के चलते पूंजीवाद के समक्ष इनके उत्पाद बाजार में ठहर नहीं सके ।1991 में सोवियत संघ का पतन हुआ और पूरे विश्व में पूंजीवाद का बोलबाला होता गया। चाइना ने उदारवादी व्यवस्था लागू कर दी। पूंजीवाद में मजदूरों के हित सीमित कर दिए गए और ट्रेड यूनियनों को भंग कर दिया गया या सीमित कर दिया गया। अब रूस, फ्रांस, जर्मनी, स्पेन, ब्रिटिश, इटली, हंगरी, पोलैंड, चेकोस्लोवाकिया, यूक्रेन,में भी कैपिटलिज्म है।

# एग्री स्टैक:भारत की डिजिटल कृषि क्रांति

डॉ. देवेश चतुर्वेदी

कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ बनी हुई है। इस क्षेत्र में कुल श्रमशक्ति का लगभग 46 प्रतिशत हिस्सा जुटा हुआ है। पिछले दशक में सरकार की ओर से उत्पादन/उत्पादकता बढ़ाने, फसलों के विविधीकरण, खेती की लागत में कमी लाने, कृषि उत्पादों की बेहतर कीमत अर्जित करने, जलवायु के अनुकूल ढालने और जोखिमों को कम करने की बहुआयामी रणनीति के जरिए किसानों की आय बढ़ाने के ठोस प्रयास किए गए हैं। केन्द्र प्रायोजित या केन्द्रीय क्षेत्र की योजनाओं के जरिए किसानों को विभिन्न सेवाओं या लाभों की निर्बाध, पारदर्शी और कुशल आपूर्ति संघीय या राज्य स्तर की सरकार की प्राथमिकता है। कुल कृषि भूमि का स्वामित्व और उस भूमि पर बोई गई फसलों का इतिहास किसी भी योजना के लाभ के लिए किसी भी किसान (चाहे वह मालिक हो, पट्टेदार हो या फिर बटाईदार हो) की पात्रता के आकलन की जरूरी शर्त है। हालांकि, देश भर में भूमि से संबंधित प्रशासन में पायी जाने वाली व्यापक भिन्नताएं एक बड़ी चुनौती पेश करती हैं। स्वामित्व और बुवाई से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियों को संकलित करने वाले एक मानकीकृत किसान डेटाबेस के महत्व एवं जरूरत को पहचानते हुए, सरकार ने वर्ष 2024 में डिजिटल कृषि मिशन की शुरुआत की। किसानों के इस डेटाबेस को मजबूत सहमति तंत्र के साथ गतिशील रूप से अद्यतन किया जाता है। एग्री स्टैक, इस डिजिटल कृषि मिशन का एक प्रमुख स्तंभ है। यह अब इस मिशन के एक मौन लेकिन सशक्त परिवर्तनकारी स्तंभ के रूप में उभर रहा है। इसमें तीन विवरणी (रजिस्ट्री) ङ्क खेत, किसान और बोई गई फसल – शामिल हैं। एग्री स्टैक भारत की कृषि से जुड़ी यात्रा में एक नए अध्याय की शुरुआत का इशारा करता है। एक ऐसा अध्याय, जो माननीय प्रधानमंत्री के 2047 तक 'विकसित भारत' के सपने को साकार करने के लक्ष्य के साथ गहराई से जुड़ा हुआ है। खेत वाली रजिस्ट्री में भौगोलिक संदर्भों के आधार पर कृषि भूखंडों का डेटाबेस शामिल होता है। इनमें से प्रत्येक भूखंड को एक अनूठी कृषि आईडी प्रदान की जाती है। दूसरी परत में, प्रत्येक भूमि के मालिक किसान को एक अनूठी फार्म आईडी प्रदान की जा रही है। इस आईडी में स्वामित्व वाली प्रत्येक भूखंड से संबंधित जरूरी जानकारियों के साथ-साथ सह-स्वामित्व के मामले में हिस्सेदारी का उल्लेख भी शामिल है। यह डेटा अधिकार अभिलेख (रिकॉर्ड ऑफ राइट्स) से गतिशील रूप से जुड़ा हुआ है ताकि विरासत, बिक्री आदि के कारण स्वामित्व में हुआ कोई भी बदलाव किसान रजिस्ट्री में अद्यतन हो जाए। तीसरी परत में प्रत्येक भूखंड पर बोई गई फसल का विवरण शामिल होता है। यह विवरण बुवाई पूरी होने के बाद प्रत्येक फसल के मौसम में किए गए डिजिटल/तकनीक आधारित फसल सर्वेक्षण के जरिए हासिल किया जाता है। केन्द्र सरकार ने विभिन्न समझौता ज्ञापनों के जरिए 35 राज्यों और केन्द्र- शासित प्रदेशों के साथ साझेदारी की है। इस डिजिटल मिशन को केन्द्र और राज्य के बीच मजबूत सहयोग के जरिए कार्यान्वित किया जा रहा है। इसमें पूर्ण समावेशन सुनिश्चित करते हुए अत्याधुनिक तकनीक का उपयोग किया जा रहा है।एग्री स्टैक एक संघीय डेटाबेस है जिसका स्वामित्व राज्यों/केन्द्र-शासित प्रदेशों के पास है, लेकिन केन्द्र सरकार सेवाओं की आपूर्ति और डेटा विश्लेषण के लिए इसका उपयोग कर सकती है। इसका उद्देश्य प्रत्येक किसान के लिए एक सत्यापित डिजिटल पहचान बनाना, उस पहचान को सटीक रूप से मैप किए गए भूखंड से जोड़ना और प्रत्येक मौसम में उगाई जाने वाली फसलों को दर्ज करना है। यह स्टैक नियमों पर आधारित एवं स्वचालित सेवा वितरण को विभिन्न योजनाओं और भौगोलिक क्षेत्रों में संभव बनाता है। इससे किसानों को बार-बार अपनी पहचान, भूमि स्वामित्व या फसल के विवरण को साबित करने की जरूरत नहीं होती है। इसमें गोपनीयता और डेटा संरक्षण संबंधी कानूनों के प्रावधानों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करते हुए किसानों से संबंधित जानकारी तक पहुंच एक मजबूत सहमति तंत्र के जरिए होती है।

## कागजी रिकॉर्ड से डिजिटल आधार तक

दशकों तक, कृषि संबंधी प्रशासन कागजी अभिलेखों और मैनुअल सर्वेक्षण पर बहुत अधिक निर्भर रहा। यह अक्सर नागरिकों के लिए उत्पीड़न और भ्रष्टाचार का कारण बनता था। एग्री स्टैक इस पुरानी परंपरा से हटकर एक क्रांतिकारी बदलाव लाता है। किसानों की पहचान का डिजिटलीकरण करके और उन्हें भूमि एवं फसल के आंकड़ों से जोड़कर, यह भारतीय कृषि की एक विश्वसनीय और नई तस्वीर पेश करता है। अब तक 9 करोड़ से अधिक किसान आईडी का सृजन इस सफर की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। ये डिजिटल आईडी एक विश्वसनीय स्रोत के रूप में कार्य करते हैं। इससे किसानों को बार-बार सत्यापन के बिना कई सेवाओं का लाभ उठाने में मदद मिलती है और लेन-देन की लागत कम हो जाती है। सरकारी एजेंसियों की दृष्टि से, ये आईडी लाभार्थियों की पहचान में होने वाली त्रुटियों को कम करते हैं और लाभ का सही लाभार्थियों तक पहुंचना सुनिश्चित करने में सहायक साबित होते हैं। हालांकि, यहां यह स्पष्ट किया जाता है कि एग्री स्टैक की शुरुआत मुख्य रूप से किसानों को विभिन्न योजनाओं के लाभ उठाने के लिए सशक्त बनाने के इरादे से की गई है, लेकिन यह भूमि के रिकॉर्ड या भूमि स्वामित्व प्रमाण पत्र की जगह नहीं लेगा। भले ही अधिकार अभिलेख (रिकॉर्ड ऑफ राइट्स) के साथ इसका जुड़ाव प्रामाणिकता सुनिश्चित करता हो।

## डिजिटल फसल सर्वेक्षण: फसल की वास्तविक जानकारी

वर्ष 2025-26 में, 24 राज्यों ने 600 से अधिक ज़िलों में लगभग 30 करोड़ भूखंडों पर मोबाइल उपकरणों, जियोटैगिंग और सैटेलाइट की मदद से डिजिटल फसल सर्वेक्षण किया। यह सर्वेक्षण पारंपरिक विधियों से हटकर एक महत्वपूर्ण बदलाव है। पारंपरिक विधियां अक्सर धीमी होती थीं और उनमें विसंगतियों या त्रुटियों की गुंजाइश अधिक रहती थी। यह डेटा उपज का अनुमान लगाने, खरीद की योजना बनाने और बाजार से संबंधित पूर्वानुमान लगाने की प्रक्रिया को बेहतर बनाता है। यह सूखे, बाढ़ या कीटों के कारण फसल पर पड़ने वाले दबाव की शीघ्र पहचान करके आपदा की तैयारी को भी ठोस बनाता है। किसानों के लिए, बेहतर डेटा समय पर एवं फसल-विशेष से जुड़ी सलाह और गड़बड़ होने पर त्वरित सहायता प्रदान करता है।

## सहयोग एवं समावेशन पर आधारित इकोसिस्टम

देश भर में भूमि से जुड़े प्रशासन में मौजूद विविधता को ध्यान में रखते हुए, इस संरचना में स्थानीय जरूरतों के अनुरूप इसे अनुकूलित करने का अंतर्निहित लचीलापन है। साथ ही, अंतरसंचालनीयता सुनिश्चित करने हेतु सामान्य मानकों को बनाए रखा गया है ताकि राज्यों और केंद्रीय प्रणालियों के बीच डेटा का निर्बाध आदान-प्रदान संभव हो सके। उदाहरण के तौर पर, कुछ ऐसे राज्य हैं जहां दशकों से भूमि के रिकॉर्डों को अद्यतन नहीं किया गया है और पूर्वजों के नाम अभी भी दर्ज हैं। भूमि के रिकॉर्डों को अद्यतन करने के लिए ठोस प्रयास किए जा रहे हैं। लेकिन इस बीच, मृतक मालिकों के नाम पर दर्ज भूमि पर खेती करने वाले उत्तराधिकारी किसानों को राजस्व विभाग द्वारा सत्यापन के बाद किसान आईडी जारी किया जा सकता है ताकि लाभों की निरंतरता सुनिश्चित हो सके। जहां भी राज्य के कानून अनुमति देते हैं और राज्य सहमत होते हैं, वहां मजबूत स्वामी-प्राधिकरण तंत्र के साथ, बटाईदारों और किरायेदार किसानों को भी विशिष्ट योजना के लाभों को हासिल करने के लिए शामिल किया जा सकता है। उत्तर-पूर्वी राज्यों में, जहां सामुदायिक स्वामित्व का वर्चस्व है, भू-निर्देशांक-आधारित प्रमाणीकरण प्रथागत रीति-रिवाजों को बाधित किए बिना समावेशन की अनुमति देता है।

## इससे किसानों को कैसे लाभ होगा?

किसानों के लिए, डिजिटल व्यवस्था का मतलब है कम फॉर्म भरना, स्थानीय कार्यालयों में कम चक्कर लगाना और सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं तक पहुंचने में अधिक पारदर्शिता। भूमि के स्वामित्व और फसलों के इतिहास के अद्यतन विवरणों वाले विश्वसनीय डिजिटल रिकॉर्ड बैंकों और बीमाकर्ताओं को जोखिम का आकलन करने और किसानों की जरूरतों के अनुरूप उत्पाद तैयार करने में समर्थ बनाते हैं। एग्री स्टैक में किसान संगठनों को मजबूत करने की क्षमता है। सत्यापित डेटा किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) को उपज एकत्रित करने, बेहतर कीमतों के लिए बातचीत करने और कार्यशील पूंजी तक अधिक आसानी से पहुंच हासिल करने में मदद कर सकता है। भूमि से जुड़े डेटा को फसलों की बुवाई और मिट्टी की सेहत से संबंधित विवरणों से लैस करने से कृषि के विस्तार में क्रांतिकारी बदलाव लाने की क्षमता है, क्योंकि अब किसानों की जरूरतों के अनुरूप सलाह तैयार और प्रसारित की जा सकती है। वह भी बहुत कम लागत पर। किसान स्थानीय परिस्थितियों के आधार पर बुवाई के सर्वोत्तम समय, सिंचाई कार्यक्रम, पोषक तत्वों के प्रयोग और कीट प्रबंधन के बारे में व्यक्तिगत मार्गदर्शन प्राप्त कर सकते हैं।

प्रशासन और नीतिगत प्रक्रिया पर इसका क्या प्रभाव पड़ेगा?

एग्री स्टैक शासन की प्रक्रियाओं में सुधार लाने और साक्ष्य-आधारि व डेटा-संचालित नीति निर्माण को बढ़ावा देने का अवसर प्रदान करता है। इस प्रावधान के कारण नीति निर्माताओं के पास फसल पैटर्न पर नजर रखने, आपूर्ति और मांग के बीच के अंतर का अनुमान लगाने और मूल्य अस्थिरता को रोकने के लिए समय पर हस्तक्षेप करने हेतु सटीक और समय पर डेटा उपलब्ध होता है। एक बार किसान की पहचान, भूमि के स्वामित्व और बोई गई फसल का डिजिटल सत्यापन हो जाने के बाद, नकद या वस्तु के रूप में सब्सिडी वितरण, फसल बीमा, खरीद या ऋण आदि से संबंधित लेनदेन डिजिटल रूप से सुचारू रूप से किए जा सकते हैं। आधार-आधारित भुगतान गेटवे लाभ को सही लाभार्थी तक पहुंचना सुनिश्चित करते हैं। यह संशोधित प्रणाली सार्वजनिक व्यय का स्पष्ट डिजिटल रिकॉर्ड बनाकर पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ाती है। यह देखा गया है कि केन्द्र और राज्य स्तर पर विभिन्न मंत्रालयों और कुछ मामलों में तो एक ही मंत्रालय के विभिन्न विभागों ने भी योजनाओं के कार्यान्वयन के लिए अपने-अपने किसान डेटाबेस विकसित किए हैं। एग्री स्टैक एक साझा लेकिन सार्वभौमिक डिजिटल माध्यम विकसित करके इस तरह के स्व-निर्मित डेटाबेस की सीमाओं को तोड़ता है ताकि कृषि, पशुपालन, मत्स्य पालन, सहकारी समितियां, राजस्व, खाद्य, उर्वरक, ऋण और बीमा प्रणालियां एक ही सत्यापित डेटा का उपयोग करके कार्य कर सकें। इससे न केवल परिचालन संबंधी दक्षता बेहतर होती है, बल्कि किसानों पर विभिन्न योजनाओं के लाभ प्राप्त करने के लिए कई पोर्टलों पर पंजीकरण करने का बोझ भी कम होता है। कई राज्यों ने एग्री स्टैक के उपयोग को सफलतापूर्वक लागू किया है। छत्तीसगढ़ ने पिछले खरीफ सीजन के दौरान एमएसपी आधारित धान की खरीद के लिए किसानों का पंजीकरण सुचारू रूप से करने हेतु एग्री स्टैक का उपयोग किया। मध्य प्रदेश ने पीएमएएसएचए के तहत सोयाबीन किसानों को मूल्य घाटे के आधार पर सहायता प्रदान करने हेतु इस डेटाबेस का उपयोग किया। महाराष्ट्र आपदा राहत सहित अपने सभी डीबीटी आधारित लाभों के लिए एग्री स्टैक का उपयोग कर रहा है।

## नवाचार को प्रोत्साहित करना

एग्रीस्टैक की खुली और मानकीकृत संरचना नवाचार के लिए एक इकोसिस्टम प्रदान करता है। खासकर कृत्रिम बुद्धिमत्ता के उपयोग के लिए। जैसे-जैसे यह स्टैक परिपक्व होता जाता है, स्टार्टअप के लिए फसलों से जुड़े डेटा, मौसम संबंधी पूर्वानुमान और बाजार की कीमतों को उपयोगकर्ता के अनुकूल टूल में संयोजित करने वाले एप्लिकेशन बनाने के अवसर खुलते जाते हैं। माननीया वित्त मंत्री ने अपने हालिया सार्वजनिक भाषणों में एग्री स्टैक को भारत की अगली बड़ी उपलब्धि और यूपीआई जैसी अगली क्रांति के रूप में पेश किया है। भारत आत्मनिर्भरता और दुनिया का खाद्य भंडार बनने की दिशा में अग्रसर है। ऐसे में एग्री स्टैक एक दूरदर्शी सुधार है। इस सुधार के तहत डेटा किसानों को सशक्त बनाता है, तकनीक शासन को मजबूत करती है और सहयोग प्रगति को गति देता है।

**(लेखक भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के पूर्व सचिव हैं)**



## डॉ. अखिल जैन को समाज रत्न अलंकरण



**अकलतरा (विश्व परिवार)।** भारतीय जैन संघटना, बिलासपुर (छत्तीसगढ़) के तत्वावधान में अकलतरा स्थित ऋषभ विद्योदय महाविद्यालय के प्रांगण में एक भव्य एवं गरिमामय समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों लोगों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही।

इस अवसर पर गौसेवा, प्राकृतिक कृषि एवं पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट एवं प्रेरणादायक योगदान के लिए डॉ. अखिल जैन (मनोहर गौशाला, खैरागढ़) को प्रतिष्ठित समाज रत्न अलंकरण से सम्मानित किया गया।

यह सम्मान माननीय जस्टिस श्री जितेंद्र जैन (डिस्ट्रिक्ट जज, रायगढ़), श्री पंकज जैन (रजिस्ट्रार, छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय) एवं पूर्व जस्टिस श्री नीलम सांखला के करकमलों द्वारा प्रदान किया गया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से श्री संजय सिंगी, श्री मनोज लुंकड़, श्री प्रमोद लूणावत, श्री विजय गंगवाल, श्री प्रकाश मोदी (संचालक, पारस चैनल) एवं श्री अमरेश जैन सहित अनेक गणमान्य अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

समारोह में विभिन्न शहरों के जनप्रतिनिधियों, जैन समाज के वरिष्ठजनों एवं प्रतिष्ठित नागरिकों की सक्रिय सहभागिता ने कार्यक्रम की गरिमा को और अधिक बढ़ाया।

उल्लेखनीय है कि डॉ. अखिल जैन द्वारा मनोहर गौशाला के माध्यम से गौसेवा, गोमूत्र आधारित प्राकृतिक कृषि (फसल अमृत) तथा पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में निरंतर उत्कृष्ट कार्य किए जा रहे हैं, जिनका लाभ हजारों किसानों एवं समाज के विभिन्न वर्गों को प्राप्त हो रहा है।

यह कार्यक्रम विद्या दान, वस्त्र वितरण एवं नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर जैसे सेवा कार्यों के साथ वृहद रूप में आयोजित किया गया।

अंत में आयोजकों द्वारा सभी अतिथियों एवं उपस्थित जनसमूह के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

### सुशासन तिहार 2026

## महिला स्व सहायता समूह ने सीएम को भेंट की स्थानीय उत्पादों की टोकरी



**रायपुर (विश्व परिवार)।** सरोधी में महिला स्व सहायता समूह ने मुख्यमंत्री को भेंट की स्थानीय उत्पादों की टोकरी सुशासन तिहार के अंतर्गत ग्राम सरोधी में आयोजित चौपाल कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय का ग्रामीणों ने आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर जय मां बंजारी महिला स्व सहायता समूह की महिलाओं ने मुख्यमंत्री को आम, रखिया बड़ी, कुटकी, चार और पपीता से सजी टोकरी भेंट की। महिला समूह द्वारा भेंट किए गए ये स्थानीय उत्पाद गांव की समृद्ध परंपरा और आत्मनिर्भरता का प्रतीक है। मुख्यमंत्री ने इस पहल की सराहना करते हुए महिलाओं के प्रयासों को प्रोत्साहित किया और कहा कि स्व सहायता समूह ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

## मन का सुख और आत्म सुख या..मन का सन्तोष या आत्म सन्तोष..! अंतर्मना आचार्य श्री प्रसन्न सागरजी महाराज







**औरंगाबाद (विश्व परिवार)।** अंतर्मना आचार्य श्री प्रसन्न सागरजी महाराज एवं उपाध्याय पियूष सागरजी महाराज ससंघ परतापुर बांसवाड़ा राजस्थान में विराजमान हैं उनके सानिध्य में वहां विभिन्न धार्मिक कार्योंकम संपन्न हो रहें हैं उसी श्रुंखला में आज उपस्थित गुरु भक्तों को संबोधित करते हुए आचार्य श्री ने कहा कि। मन का सुख तत्कालिक है, आत्म सुख त्रिकालिक है। मन का सन्तोष बुद्धि जन्य है, आत्म सन्तोष चेतना जन्य है। मन के सन्तोष में सुख है और आत्म सन्तोष में सुख ही सुख है।

मन का सुख कुछ लोगों को झूठ बोलने में, दोषारोपण करने में, दुर्व्यवहार- दुव्यर्सनो में, निन्दा आलोचना करने में, अच्छे कार्यों में, टांग खीचने में सुख मिलता है। जिसे हम आत्म सुख नहीं कह सकते। *स्वार्थ पूर्ण और सशंयात्मक वृत्ति होने से मिल जायेगा लेकिन आत्म सन्तोष और आत्म सुख नहीं। जब चेतना निस्वार्थ और फिर निर्विकार भाव पूर्वक कार्य क्रिया करता है, तो वास्तविक आत्म संतुष्टि मिलती है। आत्म सन्तुष्टी से ही सुख शान्ति और आत्म विशुद्धि बढ़ती है।

मनुष्य जब मन के सुख और आत्म सुख को समझ लेता है या जान लेता है, तो आत्म सुख के अनुसार जीवन जीना प्रारंभ कर देता है। जब मनुष्य आत्म-सुख के आनंद को प्राप्त करता है, तब उसका जीवन केवल स्वार्थ के लिये नहीं, बल्कि परार्थ के लिये हो जाता है। उसका चिन्तन और आचरण, लोक-मंगल के लिए समर्पित हो जाते हैं। सभी जीवों के प्रति श्रद्धा, विश्वास, सेवा, परोपकार भाव आत्म सन्तुष्टी में परिलक्षित होने लगते हैं। आत्म सन्तुष्टी के बिना मानव जीवन का उद्देश्य ना तो पूर्ण होता है, और ना ही विधाता की मानवीय सृष्टी का प्रयोजन सिद्ध होता है। इसलिए आत्म-सुख और आत्म-सम्मान सन्तुष्टी के लिये जीवन जियो और सत्कर्म करो तभी जीवन का मूल वसूल होगा।

## बंगाल में ऐतिहासिक जीत पर रायपुर में जश्न, लौह एवं शिल्पकला बोर्ड के अध्यक्ष प्रफुल्ल विश्वकर्मा ने बताया सनातन की जीत



**रायपुर (विश्व परिवार)।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड जीत के रुझानों के बाद छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में कार्यकर्ताओं ने जमकर जश्न मनाया। एकात्म परिसर में कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों की थाप पर नाचते-गाते और झाल-मुड़ी का आनंद लेकर इस ऐतिहासिक सफलता का उत्सव मनाया। इस अवसर पर वरिष्ठ पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी तथा सभी को झाल मुड़ी बांटी। लौह एवं शिल्पकला बोर्ड के अध्यक्ष और भाजपा के वरिष्ठ नेता श्री प्रफुल्ल विश्वकर्मा ने इस ऐतिहासिक जीत पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह केवल राजनीतिक जीत नहीं, बल्कि सनातन की जीत है। उन्होंने कहा कि देश में सनातन विरोधी राजनीति को जनता ने पूरी तरह से नकार दिया है और यह जनादेश स्पष्ट संदेश देता है कि तुष्टिकरण की राजनीति अब नहीं चलेगी। श्री विश्वकर्मा ने पश्चिम बंगाल के आसनसोल क्षेत्र में अपनी चुनावी भागीदारी का अनुभव साझा करते हुए बताया कि संगठन के आदेश को सर्वोपरि मानकर वे पिछले 3 महीनों से आसनसोल क्षेत्र में डटे हुए थे। दिन-रात किए गए अथक प्रचार और कार्यकर्ताओं की मेहनत का ही परिणाम है कि आसनसोल क्षेत्र की सभी विधानसभा सीटों पर भाजपा ने अपना परचम लहराया है। उन्होंने इस प्रचंड बहुमत के लिए पश्चिम बंगाल की जागरूक जनता को धन्यवाद ज्ञापित किया और कहा कि यह जीत हर एक निष्ठावान कार्यकर्ता के समर्पण और असली सम्मान का प्रतीक है।

## विधायक सुनील सोनी ने 30 लाख के नए विकास कार्यों का किया भूमिपूजन





**रायपुर (विश्व परिवार)।** आज रायपुर दक्षिण विधायक श्री सुनील सोनी ने रायपुर दक्षिण विधानसभा अंतर्गत रायपुर नगर निगम जोन 6 अंतर्गत शहीद बिग्रेडियर उस्मान वार्ड कमांक 63 के क्षेत्र में लगभग 30 लाख रू. की स्वीकृत लागत से अधोसरचना मद से रोड नाली पुलिया आदि के नये विकास कार्यों का श्रीफल फोडकर एवं कुदाल चलाकर वार्डवासी नागरिको सहित भूमिपूजन कर कार्यारंभ करवाया।

रायपुर दक्षिण विधायक श्री सुनील सोनी सहित भूमिपूजन में जोन 6 अध्यक्ष श्री बद्री प्रसाद गुप्ता, शहीद बिग्रेडियर उस्मान वार्ड क्रमांक 63 के पार्षद श्री प्रमोद साहू, पूर्व पार्षद श्री सुभाष तिवारी, श्री रामकृष्ण धीवर, जोन 6 जोन कमिश्नर श्री हितेन्द्र यादव सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी गणमान्यजनो सामाजिक कार्यकर्ताओं महिलाओ नवयुवको बच्चों की उपस्थिति रही।

रायपुर दक्षिण विधायक श्री सुनील सोनी ने जोन 6 जोन कमिश्नर को तत्काल अधोसरवना मद में स्वीकृति अनुसार नये विकास कार्य प्रारंभ करवाने एवं तय समय सीमा में सतत मॉनिटरिंग कर जनहित में जनसुविना विस्तार हेतु गुणवत्ता युक्त तरीके से पूर्ण करवाने के निर्देश स्थल पर दिये। वार्ड 63 पार्षद श्री प्रमोद साहू ने वार्ड में लगभग 30 लाख के नये विकास कार्यों का शुभारंभ करने रायपुर दक्षिण विधायक श्री सुनील सोनी को समस्त वार्डवासियों की ओर से हार्दिक धन्यवाद दिया।

## प्लेसमेंट कैम्प में 186 पदों पर होगी भर्ती

**बलौदाबाजार (विश्व परिवार)।** कलेक्टर कुलदीप शर्मा के निर्देश पर जिले के शिक्षित युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार का अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन जिला रोजगार कार्यालय बलौदाबाजार द्वारा 6 मई 2026 को लाईवलीहुड कॉलेज सकरी में सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक किया जायेगा। रोजगार मेला में कुल 186 पदों पर भर्ती की जाएगी। जिला रोजगार कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार निजी क्षेत्र के 5 नियोजक एक्स्ट्रा एडनरी स्कूल (पं. बंशराज तिवारी मल्टी पर्पस सोसायटी) बलौदाबाजार द्वारा शिक्षक के 10 पद, शैक्षणिक योग्यता स्नातकोत्तर अंग्रेजी माध्यम बीएड, उम्र 18 से 40 वर्ष, वेतन 12 हजार से 15 हजार रूपये देय होगा। स्काई ऑटो मोबाईल (नेक्सा) बलौदाबाजार द्वारा रिलेशनशिप(सेल्स) के 4 पद, रिसेप्सनिस्ट के 1 पद, शैक्षणिक योग्यता 12वीं से स्नातक उत्तीर्ण, उम्र 18 से 25 वर्ष, वेतन 10 हजार रूपये देय होगा। कार्यक्षेत्र कसडोल, बलौदाबाजार होगा। अलर्ट सिक्योरिटी प्रा.लि. रायपुर द्वारा सहायक सुपरवाईजर के 20 पद, सिक्योरिटी सुपरवाईजर के 8 पद, टेंडर के 2 पद, मार्केटिंग के 8 पद, शैक्षणिक योग्यता 8वीं से उच्च एवं अनुभव 0 से 2वर्ष, उम्र 18 से 45 वर्ष, वेतन 10 हजार से 25 हजार रूपये पदानुसार देय होगा।

## अग्निवीर भर्ती लिखित परीक्षा के लिए नि:शुल्क प्रशिक्षण

**बलौदाबाजार (विश्व परिवार)।** भारतीय अग्निवीर भर्ती में लिखित परीक्षा के लिए जिला रोजगार कार्यालय बलौदाबाजार द्वारा लिखित परीक्षा के लिए 5 मई से 5 जून 2026 तक पं. चक्रपाणी हायर सेकेण्डरी स्कूल बलौदाबाजार में नि:शुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के वे अभ्यार्थियों जिन्होनें अग्निवीर थल सेना भर्ती में आवेदन किया है, वे इच्छुक अभ्यार्थी समय पर निर्धारित स्थल पर उपस्थित होकर नि:शुल्क प्रशिक्षण में भाग ले सकते है। अधिक जानकारी के लिए रोजगार कार्यालय के दूरभाष नम्बर 07727-299443 पर सम्पर्क कर सकते है।

## लकड़ी के चूल्हे से मिली मुक्ति, उज्ज्वला योजना से घर-घर पहुंची गैस



**रायपुर (विश्व परिवार)।** सुशासन तिहार 2026 के तहत आरंग के ग्राम छटेरा में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में ग्रामीण महिलाओं के जीवन में नई रोशनी भर दी है। वर्षों से लकड़ी के चूल्हे पर खाना बनाने की मजबूरी झेलती आ रही गांव की महिलाएं महिलाएं आज बेहद खुश है, क्योंकि जनसमस्या निवारण शिविर में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत उन्हें नि:शुल्क गैस कनेक्शन, सिलेंडर और चूल्हा प्रदान किया गया है।

गर्मी, धुआँ और हर दिन लकड़ी जुटाने की चिंता ग्राम पारागांव की श्रीमती पार्वती कुंभकार के लिए हमेशा से एक बड़ी परेशानी रही। बच्चों की देखभाल के बीच लकड़ी से चूल्हा जलाना उनके लिए थका देने वाला काम बन गया था। गैस कनेक्शन के लिए उन्होंने कई बार पैसे जोड़े, लेकिन पूरी राशि एक साथ जमा न कर पाने के कारण वह गैस कनेक्शन नहीं ले पाई। पार्वती ने बताया कि विभागीय कर्मचारियों से छटेरा गाँव में सुशासन तिहार के तहत शिविर लगने की बात पता चली। जिसमें ग्रामीण अपना आवेदन देकर शासन की योजनाओं का लाभ उठा सकते हैं।

## महतारी वंदन योजना से सशक्त हुई केकती बाई की जिंदगी



**रायपुर (विश्व परिवार)।** सुशासन तिहार के तहत मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय का ग्राम सरोधी में आयोजित चौपाल कार्यक्रम केवल प्रशासनिक संवाद तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यह आम जनजीवन में आए सकारात्मक बदलावों की जीवंत तस्वीर भी बन गया।इसी चौपाल में सामने आई एक ऐसी कहानी, जिसने सरकारी योजनाओं के वास्तविक प्रभाव को भावनात्मक रूप से उजागर किया।

ग्राम सरोधी की निवासी श्रीमती केकती मरावी, अपने पति श्री राजेंद्र मेरावी और तीन बच्चों—चिरंजीव, किरण और विक्रांत के साथ एक साधारण किसान परिवार से जुड़ी हैं। खेती-किसानी ही उनके जीवन का मुख्य आधार है, लेकिन सीमित आय के बीच परिवार का खर्च चलाना हमेशा एक चुनौती रहा है।

केकती बाई बताती हैं कि महतारी वंदन योजना ने उनके जीवन में नई रोशनी लाई है। अब तक उन्हें योजना की 26 किश्तें मिल चुकी हैं, जिससे वे घर के छोटे-छोटे खर्चों में हाथ बंटा पा रही हैं। पहले जहां हर छोटी जरूरत के लिए सोच-विचार करना पड़ता था, वहीं अब उनके पास आत्मनिर्भरता का एक आधार बन गया है। उन्होंने बताया कि पिछले दो वर्षों से वे स्वच्छता दीदी के रूप में भी कार्य कर रही हैं, जिससे उन्हें प्रतिमाह 1000 रुपए की अतिरिक्त आय प्राप्त होती है। इसके साथ ही उज्ज्वला योजना के तहत नि:शुल्क गैस सिलेंडर मिलने से उनके परिवार के स्वास्थ्य में भी सुधार आया है और रसोई का काम आसान हुआ है। केकती बाई केवल अपने परिवार तक ही सीमित नहीं रहीं, बल्कि वे जय मां बंजारी महिला स्व सहायता समूह की अध्यक्ष भी हैं। समूह के माध्यम से उन्हें 15 हजार रुपए का अनुदान मिला है, जिससे वे अन्य महिलाओं को भी आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित कर रही हैं। भावुक होते हुए केकती बाई ने कहा कि आज उनका परिवार पहले से कहीं अधिक सशक्त और आत्मविश्वासी महसूस करता है।

## भारतीय जनता पार्टी: संघर्ष से शिखर तक की कहानी भाजपा के हर कार्यकर्ता की तपस्या, त्याग और अटूट विश्वास और संघर्ष की गाथा



**रायपुर (विश्व परिवार)।** असम की बात करें तो वर्ष 2016 से पहले तक भारतीय जनता पार्टी वहाँ कभी सत्ता में नहीं आई थी। असम की जनता ने लंबे समय तक हमें स्वीकार नहीं किया था। लेकिन अथक प्रयास, कार्यकर्ताओं के बलिदान और समर्पण के बल पर, 2016 में सस्बानानंद सोनवाल के नेतृत्व में पहली बार भाजपा की सरकार बनी। यह केवल सरकार नहीं थी, बल्कि विश्वास की नींव थी। आज के परिणाम इस बात का प्रमाण हैं कि हेमंत बिस्वा सस्मा को जनता ने पुन- स्वीकार किया है, क्योंकि असम की जनता समझ चुकी है कि दशकों तक जो उपेक्षा और अन्याय हुआ, उसके विपरीत भाजपा ने विकास, सुशासन और जनकल्याण का मार्ग चुना। अब अगर बात करें बंगाल की, तो यह संघर्ष अपने चरम पर था। एक समय ऐसा था जब 2021 से पहले भाजपा के केवल चार विधायक थे। हम बंगाल जीतने की बात करते थे, तो लोग हम पर हँसते थे। कहा जाता था- चार से सरकार का सपना? लेकिन उस समय के प्रदेश नेतृत्व में दिलीप घोष, सुर्वेद अधिकारी और प्रभारी श्री कैलाश विजयवर्गीय ने संगठन के प्रयासों ने कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा भरी। परिणामस्वरूप, हम चार से सत्तर तक पहुँचा। हालाँकि हम सरकार नहीं बना पाए, लेकिन भाजपा का कार्यकर्ता न तो जीत से अहंकारी होता है और न हार से निराशा जैसा कि अमित शाह जी ने कहा है-यह विचार ही हमारे कार्यकर्ताओं को निरंतर आगे बढने् की प्रेरणा देता है। 2021 के बाद लोकसभा चुनाव में अपेक्षित सफलता नहीं मिली, तब विरोधियों ने फिर उपहास किया- यह तो तुक्का था, भाजपा फिर सिमट जाएगी। लेकिन भाजपा का कार्यकर्ता न रुकता है, न झुकता है। यह निरंतर मेहनत करता है, और उसी मेहनत का परिणाम है कि आज हम बंगाल में पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने में सफल हुए हैं। यह जीत केवल राजनीतिक नहीं है, यह उस विचारधारा की जीत हैं जो लोकतंत्र में विश्वास रस्वती है। जहाँ कुछ दल सत्ता को कब्जा मानते हैं, वहीं भाजपा सेवा को अपना धर्म मानती है।

## गौरी शंकर सेवा समिति की बैठक आयोजित



**रायपुर (विश्व परिवार)।** श्री गौरी शंकर सेवा समिति द्वारा 3 तारीख रविवार को वृंदावन हॉल में मीटिंग किया गया समिति द्वारा सर्व सहमति से अध्यक्ष पद पर ममता सुना नी को तथा सचिव पद पर गौरी नायक उपाध्यक्ष यशोदा महानंद कोषाध्यक्ष सगरदीप स्वास्थ्य सचिव डॉ गोपाल महानंद महासचिव नीलम सोना शहर सचिव दीक्षा बघेल को प्रसार प्रचार के लिए देवेंद्र टांडी समिति द्वारा नियुक्ति किया गया उत्तर मीटिंग में माधुरी बघेल अतिथि रूप में पधारे उनके स्वागत समिति ने किया और उनके कर कमल द्वारा नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया गौरी शंकर के पूर्व अध्यक्ष नंद कुमार साहू राजेश सिक्का ने बधाई एवं शुभकामना दी अच्छा कार्य करने का का विश्वास जताया इस अवसर पर इंद्र नायक चंपा टांडी हरीश बाग गीता नायक उपस्थित रहे संस्थापक सुधीर बाग ने सभी को शुभकामनाएं एवं बधाई दी।

## स्व. महावीर प्रसाद जैन स्मृति फ्लड नाइट क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ



### डोरका चौरा व दादगांव रही विजेता

**जशपुर (विश्व परिवार)।** सामाजिक कार्यकर्ता एवं लोकतंत्र सेनानी स्वर्गीय महावीर प्रसाद जैन मेमोरियल फ्लड नाइट क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ रविवार को मनोरा में किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जशपुर विधायक रायमुनी भगत सहित विजय आदित्य सिंह जूदेव, यश प्रताप सिंह जूदेव, शांति भगत, अरविंद भगत, हरिओम द्विवेदी, सत्यप्रकाश तिवारी एवं सुषमा सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। ग्राम के सभी सम्मानित नागरिकों की सहभागिता ने कार्यक्रम को और भी जीवंत बना दिया। उद्घाटन समारोह के दौरान अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें खेल भावना के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन न केवल खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करते हैं, बल्कि युवाओं में अनुशासन, टीम भावना और सकारात्मक ऊर्जा का संचार भी करते हैं।

प्रतियोगिता के पहले दिन दो रोमांचक मुकाबले खेले गए। पहला मैच सन्ना और डोरका चौरा के बीच हुआ, जिसमें डोरका चौरा की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की। वहीं दूसरा मुकाबला दादगांव और केसरा के बीच खेला गया, जिसमें दादगांव की टीम विजयी रही। रात्रिकालीन मैचों का रोमांच देर रात तक जारी रहा, जिससे खेल प्रेमियों में खासा उत्साह देखने को मिला।

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

दैनिक
# विश्व परिवार



## संक्षिप्त समाचार

### छत्तीसगढ़ में 12 साल सेवा देने वाले क्लस्टर टेक्नीशियन बाहर, नई भर्ती से बढ़ी परेशानी

**दंतेवाड़ा।** छत्तीसगढ़ क्रेडा क्लस्टर जन कल्याण संघ के प्रदेश अध्यक्ष पंकज टिकरिया द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, छत्तीसगढ़ के क्रेडा विभाग में वर्षों से कार्यरत क्लस्टर टेक्नीशियनों को अचानक सेवा से हटाए जाने का मामला अब गंभीर रूप लेता जा रहा है। लगभग 10 से 12 वर्षों से निरंतर सेवा दे रहे सैकड़ों टेक्नीशियन आज बेरोजगारी और आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं। प्रभावित टेक्नीशियनों का आरोप है कि विभाग द्वारा उन्हें पहले पुन: सेवा में रखने का आश्वासन दिया गया था। बताया गया था कि 1 अप्रैल 2026 से श्रम अधिनियम एवं राज्य व केंद्र सरकार के नियमों के तहत उन्हें पुन: नियुक्त किया जाएगा, जिससे वे विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ भी प्राप्त कर सकेंगे। यह आश्वासन विभागीय अधिकारियों, पदाधिकारियों तथा संघ प्रतिनिधियों द्वारा दिया गया था। हालांकि, टेक्नीशियनों के अनुसार वास्तविक स्थिति इसके विपरीत रही। विभाग ने नए नियमों का हवाला देते हुए पुराने कर्मचारियों को सेवा से हटा दिया और उन्हीं पदों पर नई भर्ती प्रक्रिया प्रारंभ कर दी। इस निर्णय से कर्मचारियों में भारी असंतोष और आक्रोश व्याप्त है। टेक्नीशियनों का कहना है कि उन्होंने अपनी समस्याओं को लेकर राज्य स्तर के विभिन्न अधिकारियों—विधायक, कलेक्टर, मुख्यमंत्री कार्यालय एवं संबंधित विभागों—को ज्ञापन सौंपा है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। यह समस्या प्रदेश के लगभग सभी जिलों में देखने को मिल रही है। इस बीच, सुशासन तिहार के दौरान भी प्रभावित टेक्नीशियन अपनी मांगों को लेकर प्रशासन के समक्ष लगातार गुहार लगा रहे हैं, लेकिन समाधान नहीं निकल पाने से उनकी परेशानियां और बढ़ती जा रही हैं। प्रभावित कर्मचारियों ने सरकार से मांग की है कि उन्हें पुन: सेवा में बहाल किया जाए और नई भर्ती प्रक्रिया पर तत्काल रोक लगाई जाए। साथ ही उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ, तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाने के लिए बाध्य होंगे। यह पूरा मामला अब प्रशासनिक पारदर्शिता और श्रमिक अधिकारों पर गंभीर सवाल खड़ा कर रहा है।

### महतारी वंदन योजना से सशक्त मातृत्व: ग्राम इदवाड़ा की हितग्राही कोपे अर्की की प्रेरक सफलता गाथा

**बीजापुर।** सेक्टर कुटरू अंतर्गत संचालित आंगनबाड़ी केंद्र इदवाड़ा, जो नियद नेल्लानार ग्राम में चिन्हांकित है तथा इंद्रावती नदी के पार स्थित दूरस्थ क्षेत्र में आता है, वहां महतारी वंदन योजना का प्रभावी क्रियान्वयन परिलक्षित हो रहा है। इस केंद्र से लाभान्वित हितग्राही कोपे अर्की (उम्र 26 वर्ष), पति श्री शेखर अर्की, योजना के सकारात्मक प्रभाव का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करती हैं। कोपे अर्की को महतारी वंदन योजना के अंतर्गत प्रति माह ?1000 की राशि का नियमित भुगतान प्राप्त हो रहा है, जिससे उनके गर्भावस्था काल से लेकर प्रसव उपरांत अवधि तक आवश्यक आर्थिक संबल उपलब्ध हुआ। इस वित्तीय सहयोग के फलस्वरूप उन्हें गर्भावस्था के दौरान बाह्य श्रम में संलग्न होने की आवश्यकता नहीं पड़ी, जिससे मातृ स्वास्थ्य संरक्षण सुनिश्चित हुआ। प्राप्त राशि का समुचित उपयोग करते हुए उन्होंने अपने दैनिक आहार में पोषक तत्वों से युक्त खाद्य सामग्री को सम्मिलित किया, जिससे मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य में सकारात्मक सुधार परिलक्षित हुआ। वर्तमान में वे अपनी नवजात बालिका का गृह स्तर पर समुचित देखभाल कर रही हैं तथा स्तनपान के माध्यम से ि शशु के पोषण की सतत व्यवस्था सुनिश्चित कर रही हैं। हितग्राही द्वारा साझा किए गए अनुभवों में यह स्पष्ट रूप से परिलक्षित हुआ कि योजना अंतर्गत प्राप्त वित्तीय सहायता ने उनके मातृत्व अनुभव को सुरक्षित, सम्मानजनक एवं सुदृढ़ बनाया है।

### डोंगरीगुड़ा में फूड पॉइजनिंग के मरीजों का शिविर लगाकर उपचार, स्थिति सामान्य

**कोंडागांव।** स्वास्थ्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार कोंडागांव के डोंगरीगुड़ा राउतपारा में सगई राम यादव के यहां आयोजित विवाह समारोह के तीसरे दिन सामूहिक भोज में शामिल कुछ लोगों के बीमार होने की सूचना 2 मई को प्राप्त हुई। प्रभावित लोगों में उल्टी एवं दस्त के लक्षण पाए गए। सूचना मिलते ही स्वास्थ्य विभाग की कॉम्बैक्ट टीम तत्काल मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रण में लिया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर. के. चतुर्वेदी ने बताया कि उसी दिन स्कूल में अस्थायी स्वास्थ्य शिविर लगाकर तथा घर-घर सर्वे कर कुल 46 लोगों का उपचार किया गया। इनमें से 20 लोगों को उल्टी एवं दस्त की शिकायत थी, जबकि 26 लोग अन्य सामान्य तकलीफों से ग्रसित पाए गए। गंभीर स्थिति वाले 2 मरीजों को जिला अस्पताल रेफर किया गया था, जो अब स्वस्थ होकर घर लौट चुके हैं।

# उप मुख्यमंत्री के आगमन पर हंगामा: विरोध के बीच नालंदा परिसर का भूमिपूजन, वार्डवासियों का फूटा गुस्सा

### 22 करोड़ 89 लाख के विकास कार्यों पर मांगा हिसाब, देवानीन तालाब की सफाई की मांग लेकर पहुंचे लोगों को मंत्री से मिलने से रोका गया




**गरियाबंद (विश्व परिवार)।** नगर में उप मुख्यमंत्री के आगमन का कार्यक्रम विकास कार्यों के लोकार्पण और भूमिपूजन के लिए आयोजित किया गया था, लेकिन यह आयोजन विवादों और विरोध के कारण सुर्खियों में आ गया।जहां एक ओर नगर पालिका के विभिन्न कार्यों का लोकार्पण किया गया,वहीं दूसरी ओर नालंदा परिसर के भूमिपूजन को लेकर जनता का गुस्सा खुलकर सामने आया।

नगर में आयोजित इस बहुप्रतीक्षित कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री ने करोड़ों रुपए के विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया।मंच से नगर विकास के दावे किए गए,लेकिन जमीनी स्तर पर लोगों की नाराजगी साफतौर पर देखने को मिली।

सबसे बड़ा विवाद नालंदा परिसर के भूमिपूजन को लेकर खड़ा हुआ। प्रस्तावित नालंदा परिसर की जगह को लेकर हाई स्कूल प्रबंधन समिति सहित स्थानीय नागरिकों और वार्डवासियों ने पहले से ही इस प्रस्ताव का विरोध किया था,लेकिन विरोध के बावजूद भूमिपूजन कर दिया गया। इससे लोगों में आक्रोश और बढ़ गया।

कार्यक्रम के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष ने अन्य विकास कार्यों के लिए अतिरिक्त राशि की मांग रखी। इस पर उप मुख्यमंत्री ने सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि पहले पिछले दो वर्षों में मिले 22 करोड़ 89 लाख रुपए का वार्डवार हिसाब जनता को दिया जाए,उसके बाद ही नई राशि पर विचार किया जाएगा।इस बयान के बाद कार्यक्रम में मौजूद जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के बीच हलचल मच गई।

इसी बीच,देवानीन तालाब की सफाई और बदहाल स्थिति को लेकर वार्डवासी अपनी मांग लेकर कार्यक्रम स्थल पहुंचे थे।लेकिन उन्हें उप मुख्यमंत्री से मिलने नहीं दिया गया,जिससे वार्डवासी आक्रोशित हो गए और नाराज वार्डवासी कार्यक्रम स्थल छोड़कर जाने लगे,जिससे माहौल और गरमा गया।स्थिति को संभालने के लिए स्थानीय विधायक को खुद हस्तक्षेप करना पड़ा।उन्होंने वार्डवासियों को समझाकर शांत किया और उन्हें कार्यक्रम में रुकने के लिए मनाया।हालांकि,इस घटनाक्रम ने प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की कार्यप्रणाली पर कई सवाल खड़े कर दिए हैं।

**राजनीतिक और जनभावना का टकराव:** यह पूरा घटनाक्रम इस बात का संकेत है कि विकास कार्यों को लेकर जनप्रतिनिधि,जनता और प्रशासन के बीच संवाद की कमी है,क्योंकि ट्रिपल इंजन की ढिंढोरा पीटने वाली सरकार के बीच ही नगर के प्रथम नागरिक ने आए अतिथियों से निवेदन किया कि प्रशासन की सख्ती के चलते कार्य आगे नहीं बढ़ रहा है उसे ढीला किया जाए याने सत्ता के जनप्रतिनिधि की ही बात प्रशासन नहीं सुन रही है। एक ओर सरकार विकास के दावे कर रही है, वहीं दूसरी ओर आम जनता अपनी मूलभूत समस्याओं के समाधान के लिए भटकती नजर आ रही है।

उप मुख्यमंत्री का यह दौरा जहां विकास कार्यों के लोकार्पण के लिए था,वहीं यह कार्यक्रम विवादों, विरोध और जनाक्रोश के कारण चर्चा का विषय बन गया।अब देखना होगा कि प्रशासन जनता की मांगों पर कितना गंभीरता से अमल करता है और भविष्य में ऐसे विवादों से कैसे बचता है।

## पश्चिम बंगाल में वर्षों बाद गुंडाराज का अंत, WB, असम और पुदुचेरी में भाजपा की जीत ऐतिहासिक - सागर मयाणी



**गरियाबंद (विश्व परिवार)।** भाजपा आईटी सेल संभाग प्रभारी सागर मयाणी ने पश्चिम बंगाल, असम और पुदुचेरी में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक जीत को देश की राजनीति में एक नया अध्याय बताया है। उन्होंने कहा कि यह जीत केवल चुनावी सफलता नहीं, बल्कि जनता के विश्वास, विकास की राजनीति और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व पर लगी मुहर है। जनता ने विकास, सुशासन और मजबूत नेतृत्व के पक्ष में मतदान कर भारतीय जनता पार्टी के प्रति अपना अटूट विश्वास प्रकट किया है।

संभाग प्रभारी मयाणी ने कहा कि पश्चिम बंगाल में भाजपा की जीत कई मायनों में बेहद महत्वपूर्ण है। यहां यह केवल सत्ता परिवर्तन का चुनाव नहीं था, बल्कि लोकतंत्र, संघर्ष और जनता के अधिकारों की रक्षा की लड़ाई थी। लंबे समय से राज्य में राजनीतिक हिंसा, भय, भ्रष्टाचार और अराजकता का माहौल बना हुआ था, जिससे आम जनता त्रस्त थी। भाजपा ने पूरी ताकत, रणनीति और जनसमर्थन के साथ चुनाव लड़ा और जनता ने तृणमूल कांग्रेस के लंबे समय से चले आ रहे गुंडाराज को समाप्त करने का जनादेश दिया है। उन्होंने कहा कि इस चुनाव परिणाम के साथ बंगाल की जनता को भय, हिंसा और अस्थिरता की राजनीति से मुक्ति मिली है और यह बदलाव सुशासन की नई शुरुआत का संकेत है।

वही असम और पुदुचेरी में भाजपा की जीत पर मयाणी ने कहा कि इन राज्यों में जनता ने विकास, शांति और सुशासन की राजनीति को स्वीकार करते हुए भाजपा पर फिर से भरोसा जताया है। असम में भाजपा की पुनः जीत यह साबित करती है कि वहां की जनता ने विकास और स्थिर सरकार के पक्ष में मतदान किया है। वहीं पुदुचेरी में भाजपा की सफलता दक्षिण भारत में पार्टी के बढ़ते प्रभाव, संगठन की मजबूती और जनसमर्थन का प्रमाण है।

उन्होंने कहा कि इन चुनाव परिणामों ने स्पष्ट कर दिया है कि देश की जनता प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व, भाजपा की जनकल्याणकारी नीतियों और विकास के विजन पर अटूट विश्वास रखती है। केंद्र सरकार की गरीब कल्याण, बुनियादी विकास और राष्ट्र निर्माण की योजनाओं को जनता का व्यापक समर्थन मिला है।

मयाणी ने इस जीत का श्रेय भाजपा के समर्पित कार्यकर्ताओं, संगठन की ताकत और जनता के आशीर्वाद को दिया। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी आने वाले समय में भी राष्ट्रहित, विकास और जनसेवा के संकल्प के साथ और मजबूती से आगे बढ़ेगी। यह जनादेश साफ संदेश है कि देश की जनता अब विकास, सुशासन और राष्ट्रवाद की राजनीति के साथ मजबूती से खड़ी है।

## सड़क किनारे नाली का टूटा ढक्कन, हादसे को दे रहा खुला न्योता



**गरियाबंद (विश्व परिवार)।** शहर में लापरवाही का एक और मामला सामने आया है,जहां सड़क किनारे नाली का ढक्कन टूट जाने से आम लोगों के लिए खतरा बढ़ गया है। स्थानीय नागरिकों में दुर्घटना को लेकर लगातार डर बना हुआ है। नगर क्षेत्र के व्यस्त मार्ग गायत्री मन्दिर के समीप स्थित नाली का ढक्कन लंबे समय से टूटा हुआ है, लेकिन जिम्मेदार विभाग अब तक इसे दुरुस्त नहीं कर पाया है।रोजाना इस नाली के नजदीक मार्ग से गुजरने वाले राहगीर,बाइक सवार कार सवार और स्कूली बच्चे इस खुले नाले के कारण खतरे के साये में चलने को मजबूर हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार इसकी शिकायत संबंधित विभाग को की गई,लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। रात के समय स्थिति और भी गंभीर हो जाती है,जब अंधेरे में यह टूटा ढक्कन दिखाई नहीं देता और हादसे की आशंका बढ़ जाती है,इस नाली में भरे गंदा पानी की बदबू और उससे बढ़े मच्छर से नजदीक रहने वाले लोग हलाकान है।नागरिकों ने प्रशासन से जल्द से जल्द नाली के ढक्कन की मरम्मत कराने की मांग की है। उनका कहना है कि अगर समय रहते इसे ठीक नहीं किया गया तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। अब देखना होगा कि प्रशासन इस गंभीर समस्या को कितनी गंभीरता से लेता है और कब तक लोगों को इस खतरे से राहत मिल पाती है।

# प्राकृतिक संसाधनों के साथ समृद्ध आदिवासी कला, संस्कृति और पर्यटन की अपार संभावनाएं-राज्यपाल रमेन डेका

### इनोवेशन महाकुंभ 1.0 बस्तर को ट्राइबल इनोवेशन हब बनाने का आह्वान

### राज्यपाल इनोवेशन महाकुंभ के शुभारंभ अवसर हुए शामिल






**जगदलपुर/विश्व परिवार।** शहीद महेंद्र कर्मा विश्व विद्यालय में आयोजित इनोवेशन महाकुंभ 1.0 के अवसर पर राज्यपाल श्री रमेन डेका ने कहा कि बस्तर की पवित्र भूमि में आयोजित इस कार्यक्रम में क्षेत्र के उज्ज्वल भविष्य को लेकर विश्वास जताया, बस्तर में नवाचार, उद्यमिता और आत्मनिर्भरता की दिशा में एक मजबूत शुरुआत है। उन्होंने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारत विश्व के सबसे युवा देशों में शामिल है, ऐसे में युवाओं को नौकरी खोजने के बजाय नौकरी देने वाला बनने की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। इसके लिए उद्यमिता, नवाचार और स्टार्टअप संस्कृति को अपनाना जरूरी है। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में वनों की सुरक्षा, नैसर्गिक नदी-नाले का संरक्षण करने सहित उपलब्ध संसाधनों का समुचित उपयोग कर समावेशी विकास की अवधारणा को अपनाने की जरूरत बताई।

राज्यपाल ने बस्तर के बदलते स्वरूप का उल्लेख करते हुए कहा कि एक समय चुनौतियों के लिए पहचाना जाने वाला यह क्षेत्र अब विकास की नई राह पर अग्रसर है। यहाँ महुआ, इमली, तेंदूपत्ता, रेशम जैसे प्राकृतिक संसाधनों के साथ समृद्ध आदिवासी कला, संस्कृति और पर्यटन की अपार संभावनाएं मौजूद हैं। डिजिटल सुविधाओं के विस्तार ने भी नए अवसर खोले हैं। नई शिक्षा नीति 2020 का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि अब शिक्षा केवल डिग्री तक सीमित नहीं, बल्कि कौशल, नवाचार और आत्मनिर्भरता पर आधारित है। उन्होंने सीखो, लागू करो, नया सोचो, कमाओ के सूत्र को अपनाने का आह्वान किया।

शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय बस्तर की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय ज्ञान से व्यवसाय मॉडल के माध्यम से छात्रों को अपने विचारों को स्टार्टअप में बदलने का अवसर दे रहा है, जिससे भविष्य में रोजगार के नए द्वार खुलेंगे। उन्होंने स्थानीय संसाधनों के बेहतर उपयोग पर जोर देते हुए कहा कि महुआ, इमली जैसे उत्पादों को ब्रांड बनाकर बाजार तक पहुंचाना होगा। कच्चा माल बेचने के बजाय स्थानीय स्तर पर मूल्य संवर्धन कर आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में काम करना होगा। युवाओं को प्रेरित करते हुए उन्होंने कहा कि आज मोबाइल फोन ही सबसे बड़ा बाजार बन चुका है। व्हाट्सएप बिजनेस, इंस्टाग्राम और ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म के माध्यम से उत्पादों को वैश्विक स्तर तक पहुंचाया जा सकता है। उन्होंने युवाओं से तकनीक का उपयोग करने, जोखिम लेने और असफलता से सीखने का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में उन्होंने विश्वविद्यालय के कुलपति एवं टीम को इस पहल के लिए बधाई देते हुए बस्तर को नवाचार और उद्यमिता का केंद्र बनाने के लिए सामूहिक संकल्प लेने का आह्वान किया।

विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित इस दो दिवसीय इनोवेशन महाकुंभ के प्रारंभिक सत्र में वन मंत्री श्री केदार कश्यप, सांसद श्री महेश कश्यप, महापौर श्री संजय पांडेय, पद्म श्री बुधरी ताती, बस्तर राजपरिवार के कमलचंद्र भंजदेव, चेयरमैन एनईटीईई श्री अनिल डी सहस्त्रबुद्धे, कुलपति प्रो.मनोज कुमार श्रीवास्तव सहित अन्य गणमान्य विशेषज्ञों की गरिमामयी मौजूदगी रही।

वन मंत्री श्री केदार कश्यप ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि बस्तर की हुनर और क्षमता को बाहर की दुनिया में लाना है। बस्तर की संस्कृति- कला को बढ़ावा देने की आवश्यकता है। बस्तर के शिल्प, कला, खानपान की संस्कृति को, वनधन को संवर्धन और संरक्षण के साथ व्यापक रूप से रोजगार और स्व रोजगार से जोड़ने की पहल करते हुए बढ़ावा देने जरूरत है। उन्होंने कहा कि इनोवेशन के माध्यम हम रोजगार देने वाले की भूमिका निभाएं, इस संकल्प के साथ निरंतर नवाचार और उद्यमिता की दिशा में आगे बढ़े। कार्यक्रम में राज्यपाल ने इनोवेशन एण्ड स्टार्टअप कंपेडियम पुस्तक का विमोचन किया। साथ ही उन्होंने पद्मश्री डॉ. बुधरी ताती को भी सम्मानित किया। इस मौके पर कमिश्नर बस्तर श्री डोमन सिंह, आईजी श्री सुन्दरराज पी, कलेक्टर श्री आकाश छिकारा, पुलिस अधीक्षक श्री शलभ सिन्हा और अन्य अधिकारियों सहित देश के विभिन्न हिस्सों से आए विशषज्ञों के अलावा विश्वविद्यालयों के कुलपति, प्राध्यापक तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं एवं युवा मौजूद थे।

### बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के 10वीं-12वीं के मेधावी विद्यार्थियों का किया सम्मान

# सपना देखना और उसे लक्ष्य में बदलकर निरंतर प्रयास करना ही सफलता की कुंजी: सीएम साय

**रायपुर (विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने आज बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। इस अवसर पर आयोजित सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री श्री साय ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए हौसला बुलंद रखना सबसे आवश्यक है।



बलरामपुर स्थित सर्किट हाउस में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री साय ने विद्यार्थियों से आत्मीय संवाद किया और उनके भविष्य के लक्ष्यों के बारे में जानकारी ली। अधिकांश विद्यार्थियों ने डॉक्टर और इंजीनियर बनने की इच्छा व्यक्त की, वहीं कुछ ने भारतीय प्रशासनिक सेवा (IAS) और न्यायिक सेवा में जाने का संकल्प व्यक्त किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने विद्यार्थियों के सपनों की सराहना करते हुए कहा कि सपना देखना और उसे लक्ष्य में बदलकर निरंतर प्रयास करना ही सफलता की कुंजी है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि यदि समर्पण, अनुशासन और आत्मविश्वास के साथ मेहनत की जाए, तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है। उन्होंने आश्वस्त किया कि राज्य सरकार विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण के लिए हर संभव सहयोग प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने इस उपलब्धि के लिए विद्यार्थियों के अभिभावकों एवं शिक्षकों को भी बधाई देते हुए कहा कि बच्चों की सफलता के पीछे उनके मार्गदर्शन, सहयोग और त्याग की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इस अवसर पर जिले के कक्षा 12वीं के मेधावी विद्यार्थियों में वाड्रफनगर विकासखंड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करमडीहा की कुमारी प्रतिभा गुप्ता, रामचंद्रपुर के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामवंतपुर की कुमारी स्नेहा कुशवाहा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सनवाल के सोनू, वाड्रफनगर के श्री कृष्णा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रघुनाथनगर की कुमारी रोशनी कांशी, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय सेमरा कुसमी की आलिया परवीन तथा स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय रामानुजगंज की आरजू परवीन को मुख्यमंत्री से मिलने और मार्गदर्शन प्राप्त करने का अवसर मिला।

## दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में डिजिटल टिकटिंग एवं कैशलेस सेवाओं का हुआ विस्तार

- दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के 44 स्टेशनों पर 87 ऑटोमैटिक टिकट वेंडिंग मशीन स्थापित




**रायपुर/बिलासपुर (विश्व परिवार)।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, भारत सरकार की डिजिटल इंडिया पहल के अनुरूप, यात्रियों को सहज, तेज़ एवं कैशलेस सेवाएं प्रदान करने के उद्देश्य से अपने डिजिटल सेवा ढांचे को लगातार सुदृढ़ कर रहा है। इसी क्रम में रेलवे स्टेशनों एवं यात्री सेवा केंद्रों पर डिजिटल टिकटिंग सुविधाओं का व्यापक विस्तार किया जा रहा है, जिससे यात्रियों को अधिक सुविधाजनक, तेज़ एवं पारदर्शी सेवाएं उपलब्ध हो सकें। यात्रियों को बिना कतार में लगे शीघ्र अनारक्षित टिकट उपलब्ध कराने के लिए ऑटोमैटिक टिकट वेंडिंग मशीन (एटीवीएम) सुविधा को तेजी से बढ़ाया जा रहा है। वर्तमान में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के 44 स्टेशनों पर कुल 87 ऑटोमैटिक टिकट वेंडिंग मशीन स्थापित किए जा चुके हैं। इनमें बिलासपुर मंडल के 13 स्टेशनों पर 32 ऑटोमैटिक टिकट वेंडिंग मशीन, रायपुर मंडल के 12 स्टेशनों पर 26 ऑटोमैटिक टिकट वेंडिंग मशीन तथा नागपुर मंडल के 19 स्टेशनों पर 29 ऑटोमैटिक टिकट वेंडिंग मशीन कार्यरत हैं। यात्रियों की बढ़ती मांग एवं सुविधा को ध्यान में रखते हुए निकट भविष्य में 38 अतिरिक्त ऑटोमैटिक टिकट वेंडिंग मशीन स्थापित किए जाने की योजना है, जिनमें बिलासपुर मंडल में 12, रायपुर मंडल में 16 तथा नागपुर मंडल में 10 नई मशीनें शामिल हैं। यह विस्तार स्व-टिकटिंग प्रणाली को और अधिक सुदृढ़ बनाएगा तथा यात्रियों के समय की बचत के साथ टिकटिंग प्रक्रिया को सरल एवं सुगम बनाएगा। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में डिजिटल लेन-देन के प्रति यात्रियों की बढ़ती स्वीकृति स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है। वर्तमान में यात्री आरक्षण प्रणाली (पीआरएस) के 42 प्रतिशत लेन-देन डिजिटल माध्यम से हो रहे हैं, जबकि अनारक्षित टिकटिंग (यूटीएस एवं एटीवीएम) के 34 प्रतिशत लेन-देन डिजिटल भुगतान के माध्यम से संपन्न हो रहे हैं।

## सुशासन तिहार: मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने पीएम जनमन के हितग्राही को सौंपी खुशियों की चाबी

**रायपुर (विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सुशासन तिहार के अंतर्गत जारी राज्यव्यापी दौरे में आज खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले के छुईखदान विकासखंड के ग्राम सरोधी में प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत सुभान सिंह मेरावी को उनके नवनिर्मित आवास की चाबी सौंपकर गृह प्रवेश कराया।



सुभान सिंह ने बताया कि उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि मुख्यमंत्री स्वयं उनके गांव आकर उन्हें यह सौभाग्य देंगे। उनके लिए यह केवल घर नहीं, बल्कि सम्मान और विश्वास का प्रतीक है।बउन्होंने बताया कि उन्हें वन अधिकार पट्टा के तहत 3 एकड़ 2 डिसमिल भूमि मिली है, जिस पर खेती कर वे अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहे हैं। साथ ही उनकी पत्नी को महतारी वंदन योजना के तहत नियमित आर्थिक सहायता भी मिल रही है, जिससे घरेलू जरूरतों में सहयोग मिल रहा है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने ग्रामीणों से संवाद करते हुए कहा कि शासन का लक्ष्य अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे शासन की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं।

## जुनवानी शिविर का कलेक्टर ने किया निरीक्षण, योजनाओं का लिया जायजा

**भिलाईनगर (विश्व परिवार)।** नगर पालिक निगम भिलाई के जोन-1 नेहरू नगर अंतर्गत आयोजित सुशासन तिहार 2026 के तहत जुनवानी में लगाए गए शिविर का माननीय कलेक्टर महोदय द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने शिविर में संचालित विभिन्न विभागीय योजनाओं, प्राप्त आवेदनों तथा उनके निराकरण की स्थिति का विस्तृत अवलोकन किया।



इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि नागरिकों से प्राप्त आवेदनों का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए, ताकि शासन की योजनाओं का वास्तविक लाभ आमजन तक पहुंच सके। कलेक्टर ने शिविर में आए नागरिकों से संवाद कर उनकी समस्याएं भी सुनीं और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। नगर निगम द्वारा आयोजित यह शिविर नागरिकों की समस्याओं एवं मांगों के समाधान के उद्देश्य से लगाया गया है, जिससे लोगों को विभिन्न योजनाओं का लाभ आसानी से मिल सके। शिविर में बड़ी संख्या में नागरिकों ने पहुंचकर अपनी समस्याएं दर्ज कराई और योजनाओं की जानकारी प्राप्त की।

## बारिस से पूर्व नाला और नालियों की सफाई युद्ध स्तर पर जारी

**भिलाईनगर।** नगर पालिक निगम भिलाई के जोन क्रमांक 2 वैशाली नगर क्षेत्रांतर्गत वार्ड 23 घासीदास नगर, बौद्ध बिहार के पीछे स्थित हाउसिंग बोर्ड बस्ती में वर्षा ऋतु पूर्व नाला सफाई अभियान चलाया जा रहा है।



इस अभियान के तहत नाले में जमा कचरा एवं गंदगी को निकालकर व्यवस्थित रूप से हटाया जा रहा है, ताकि बारिश के दौरान जलभराव की समस्या उत्पन्न न हो। सफाई कार्य से क्षेत्र में जल निकासी व्यवस्था सुचारू होगी और नागरिकों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। निगम द्वारा मानसून से पहले इस प्रकार के सफाई कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है, जिससे शहर में स्वच्छता बनी रहे और बीमारियों के फैलने की संभावना भी कम हो। साथ ही नागरिकों से भी अपील की गई है कि वे नालियों में कचरा न डालें और स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करें।

## निरस्त ट्रेनों को किया गया रिस्टोर

**रायपुर (विश्व परिवार)।** अधोसंरचना विकास के तहत दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर मंडल के निपनिया -भाटापारा सेक्शन के बीच किमी 755/07-09 पर स्थित लेवल क्रॉसिंग संख्या 380 पर रोड अंडरब्रिज निर्माण कार्य के कारण पूर्व में निरस्त एवं आंशिक रूप से निरस्त की गई यात्री ट्रेनों को रिस्टोर कर दिया गया है। दिनांक 06 मई 2026 को गाडी संख्या 68728 रायपुर-बिलासपुर मेमू पैसेंजर को रिस्टोर कर दी गई है उपरोक्त तिथि में यह गाड़ी अपने निर्धारित समयानुसार चलेगी। दिनांक 06 मई 2026 को गाडी संख्या 68734 बिलासपुर-गेवरा रोड मेमू पैसेंजर को रिस्टोर कर दी गई है उपरोक्त तिथि में यह गाड़ी अपने निर्धारित समयानुसार चलेगी। दिनांक 06 मई 2026 को गाडी संख्या 68733 गेवरा रोड -बिलासपुर मेमू पैसेंजर को रिस्टोर कर दी गई है उपरोक्त तिथि में यह गाड़ी अपने निर्धारित समयानुसार चलेगी।



दिनांक 06 मई 2026 को गाडी संख्या 68719 बिलासपुर-रायपुर मेमू पैसेंजर को रिस्टोर कर दी गई है उपरोक्त तिथि में यह गाड़ी अपने निर्धारित समयानुसार चलेगी। गाड़ी संख्या 68861 गोंदिया -झारसुगुड़ा मेमू को दिनांक 06 मई 2026 को रिस्टोर कर दी गई है उपरोक्त तिथि में यह गाड़ी अपने निर्धारित समयानुसार गोंदिया से झारसुगुड़ा तक चलेगी। गाड़ी संख्या 68862 झारसुगुड़ा-गोंदिया मेमू को दिनांक 06 मई 2026 को रिस्टोर कर दी गई है उपरोक्त तिथि में यह गाड़ी अपने निर्धारित समयानुसार झारसुगुड़ा से गोंदिया तक चलेगी।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सांसद बृजमोहन अग्रवाल को दी जन्मदिन की बधाई

**रायपुर (विश्व परिवार)।** देश की प्रथम नागरिक, महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने रायपुर सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल को जन्मदिवस पर बधाई दी है।



राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने विशेष बधाई पत्र भेजकर अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। राष्ट्रपति द्वारा व्यक्तिगत रूप से भेजा गया यह पत्र श्री अग्रवाल के लंबे सार्वजनिक जीवन और उनकी सेवा यात्रा के प्रति सम्मान को दर्शाता है।

राष्ट्रपति ने अपने संदेश में श्री बृजमोहन अग्रवाल के उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना करते हुए लिखा मैं आपके जन्मदिवस 01 मई, 2026 पर आपको हार्दिक बधाई देती हूँ। ईश्वर आपको स्वस्थ और प्रसन्न रखे तथा आने वाले कई वर्षों तक आप राष्ट्र की अनवरत एवं निष्ठापूर्वक सेवा करते रहें। वहीं प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने अपने पत्र के माध्यम से बधाई संदेश देते हुए श्री अग्रवाल के सार्वजनिक जीवन, उनकी कार्यकुशलता और समाज सेवा के प्रति उनके समर्पण की जमकर प्रशंसा की है। सांसद बृजमोहन अग्रवाल को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने लिखा कि आपके जन्मदिन के अवसर पर मैं आपके सुख, उत्तम स्वास्थ्य और यशस्वी जीवन की कामना करता हूँ। आपके व्यक्तित्व में कर्मठता, अनुशासन और समाज सेवा की भावना प्रशंसनीय है। आपके विचार और कार्य न केवल वर्तमान को दिशा दे रहे हैं, बल्कि भविष्य की पीढ़ियों के लिए भी अहम है। प्रधानमंत्री ने विश्वास जताया कि अमृत काल में एक भव्य और विकसित भारत के निर्माण की दिशा में राष्ट्र जो कदम बढ़ा रहा है, उसमें श्री बृजमोहन अग्रवाल का अनुभव और योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण सिद्ध होगा।

प्रधानमंत्री से मिले इस आत्मीय संदेश पर हर्ष व्यक्त करते हुए श्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री जी का स्नेह और मार्गदर्शन उनके लिए ऊर्जा का स्रोत है। उन्होंने संकल्प दोहराया कि वे जनता की सेवा और विकसित भारत के विजन को धरातल पर उतारने के लिए सदैव समर्पित रहेंगे।

## महापौर ने ली एमआईसी बैठक



**दुर्ग (विश्व परिवार)।** नगर पालिक निगम/सोमवार को नगर पालिक निगम दुर्ग की महापौर अलका बाघमार की अध्यक्षता में एमआईसी (मेयर इन काउंसिल) सदस्यों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।शाम 4 बजे डाटा सेंटर में आयोजित इस बैठक में निर्माण कार्यों, शहर सौंदर्यीकरण, सड़क चौड़ीकरण, कर व्यवस्था एवं विभिन्न विकास कार्यों से जुड़े कई अहम एजेंडों पर विस्तार से चर्चा की गई। चर्चा उपरांत अनेक प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान की गई, इस अवसर पर आयुक्त सुमित अग्रवाल,एमआईसी सदस्य देव नारायण चन्द्राकर,नरेंद्र बंजारे, शेखर चन्द्राकर, लीना दिनेश देवांगन,ज्ञानेश्वर ताम्रकर,काशीराम कोसरे,नीलेश अग्रवाल,मनीष साहू,लीनधर पाल,शिव नायक,शशि साहू,हर्षिका संभव जैन,कार्यपालन अभियंता विनीता वर्मा,प्रकाश चंद थवानी,मो.सलीम सिद्दीकी,गिरीश दिवान,दुर्गेश गुप्ता,सुरेश केवलानी, रेवाराम मनु,अभ्दय मिश्रा सहित अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे।

## एग्जाम में सफलता का स्मार्ट फॉर्मूला:4 स्टेज मेडिटेशन का मंत्र




**रायपुर (विश्व परिवार)।** महाराजा अग्रसेन इंटरनेशनल कॉलेज, रायपुर द्वारा छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास हेतु संचालित 'स्टूडेंट डेवलपमेंट प्रोग्राम' के अंतर्गत एक विशेष सत्र "Ace Without An&iety: A Holistic Guide to E&am Readiness" का आयोजन दिनांक ''04 मई 2026'' को प्रातः'' महाविद्यालय के ''ऑडिटोरियम'' में किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को परीक्षा के तनाव से मुक्त करते हुए प्रभावी अध्ययन रणनीतियों, मानसिक संतुलन एवं आत्मविश्वास के साथ परीक्षा की तैयारी के लिए प्रेरित करना था। इस कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के चेयरमेन रमेश अग्रवाल, पूर्व चेयरमेन राजेश अग्रवाल, सेक्रेटरी श्रीमती सरिता अग्रवाल, प्राचार्य डॉ. जैस्मिन जोशी तथा उप-प्राचार्य डॉ. श्वेता तिवारी के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।

## पारस इंस्टिट्यूट ऑफ एजूकेशन के 10 वर्ष पूर्ण होने पर भव्य आयोजन, छात्र-छात्राओं का हुआ सम्मान

**रायपुर (विश्व परिवार)।** पारस इंस्टिट्यूट ऑफ एजूकेशन के स्थापना के 10 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में संस्थान परिसर में एक भव्य एवं प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह अवसर केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि संस्था की निरंतर मेहनत, समर्पण और सफलता की गौरवशाली यात्रा का प्रतीक बना।

इस गरिमामयी कार्यक्रम में संस्थान की सीईओ डॉ. कविता कुंभज, राहुल जी, मूलचंद कश्यप जी, समाजसेवी पीयूष जैन, आदित्य भारत न्यूज के श्री आकाश यादव एवं नारद न्यूज एक्सप्रेस की कंचन यादव जी सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं एवं गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।




कार्यक्रम के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया, जिससे अन्य विद्यार्थियों को भी आगे बढ़ने की प्रेरणा मिली। साथ ही, संस्था की ओर से श्री आकाश यादव एवं कंचन यादव जी को पारस उत्कर्ष सम्मान प्रदान कर उनके योगदान को सराहा गया। इस विशेष अवसर पर संस्थान के समर्पित स्टॉफ—रानी मैम, अतुल सर, काजल मैम, दीपिका मैम, राधिका मैम, पियूष सर, हेमपुष्पा एवं लोमेश्वरी—की भूमिका भी अत्यंत सराहनीय रही। इन सभी के निरंतर प्रयास और मार्गदर्शन ने संस्था को इस मुकाम तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी का मन मोह लिया और वातावरण को उत्साह से भर दिया।

## सुशासन तिहार 2026: 7 मई को वार्ड 60 में विशेष शिविर

**दुर्ग (विश्व परिवार)।** नगर पालिक निगम दुर्ग द्वारा राज्य शासन के निर्देशानुसार सुशासन तिहार-2026 के अंतर्गत शहर में आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 01 मई से 23 मई 2026 तक नगर निगम सीमा क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में प्रतिदिन प्रातः 09:00 बजे से सायं 04:00 बजे तक आयोजित किए जा रहे हैं।इन शिविरों का मुख्य उद्देश्य शासकीय योजनाओं एवं सेवाओं में पारदर्शिता लाना, उनका प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना तथा नागरिकों की समस्याओं का त्वरित एवं स्थल पर ही समाधान करना है, जिससे सुशासन को और अधिक सशक्त बनाया जा सके। 07 मई 2026 (गुरुवार) को आयोजित होने वाले शिविर का विवरण इस प्रकार है, स्थान- शासकीय प्राथमिक शाला, कतुलबोर्ड, वार्ड क्रमांक 60 लाभान्वित वार्ड- 14 से 24, 47, 58, 59 एवं 60 शिविर में नागरिकों को राशन कार्ड, श्रमिक कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पेंशन योजना आदि।

**CHHATTISGARH STATE POWER TRANSMISSION COMPANY LIMITED**
(A Govt. of Chhattisgarh Undertaking) GSTN-22AADCC5773E1ZX
**OFFICE OF THE EXECUTIVE DIRECTOR (LINE)** Block-4, Near CSPTCL Dispensary, Dagania, Raipur (C.G.)
Website: www.cspc.co.in E-Mail- ce.eht@cseb.gov.in Phone no. 0771 – 2574221, 2574028 Fax No.2574222
**No.** 02-05/Pur /Tender-522/**261** Raipur, Dated **30/04/2026**

**E-NOTICE INVITING TENDER**

| Tender No. | Name of Work | Cost of Tender Form (In Rs) | E.M.D. (In Rs) | Tentative Cost (In Rs) | Date of opening |
|---|---|---|---|---|---|
| Tender-522 RFX No. 8100051238 | Procurement of 400 KV line materials for maintenance work of various 400 KV lines. | 5000/- (Incl. GST) | 27,100.00 | 27.10 Lakhs | 22/05/2026 03:30 PM |

For all other details of NIT and term & condition, please visit our website:-https://cspc.co.in/csptcl tendernotices (OR) https://www.cspc.co.in/.ebidding.ebidding web portal (OR) https://ebidding.cspcl.co.in:50724/irj/portal
//Save Elecatricity//
Samwad- 47706/3
EXECUTIVE DIRECTOR (LINE)
CSPTCL, Raipur

दैनिक
# विश्व परिवार
महानगर
www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com
रायपुर, मंगलवार 05 मई 2026



## जनगणना कार्य में लगें फिल्ड कर्मचारियों को मिलेगी सुरक्षा

**रायपुर( विश्व परिवार )।** जनगणना कार्य में लगे प्रगणकों और सुपरवाईजर की सुरक्षा के लिए जिला जनगणना अधिकारी ने पुलिस कमिश्नर रायपुर और पुलिस अधीक्षक ग्रामीण को पत्र लिखा है। पत्र में कहा गया है कि भारत की जनगणना 2027 के प्रथम चरण (मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना) का कार्य छत्तीसगढ़ राज्य में 01 से 30 मई, 2026 तक संपादित किया जा रहा है। प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों द्वारा जनगणना कार्य तेज धूप एवं गर्मी जैसी विषम परिस्थितियों में संपादित किया जा रहा है, कुछ स्थानों पर प्रगणकों के साथ मारपीट की घटनाएँ संज्ञान में आ रही हैं।

# सुशासन तिहार: वनांचल क्षेत्र में श्रमिकों के साथ मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने किया भोजन





- मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने पंडरिया विधानसभा के वनांचल क्षेत्र में जन चौपाल के माध्यम से किया समस्याओं का समाधान

**रायपुर (विश्व परिवार)।** जनता की समस्याओं के समाधान व शासकीय योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने के संकल्प के साथ छत्तीसगढ़ के यशस्वी मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी द्वारा सुशासन तिहार 2026 के माध्यम से जनता के घर व गाँव तक पहुंचकर सार्थक संवाद किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज मानीय मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी का पंडरिया विधानसभा के वनांचल ग्राम लोखान व कमराखोल में आगमन हुआ। इस अवसर पर कुई-कुकदुर हैलीपैड में पंडरिया विधायक एवं बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री जी का स्वागत किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी और पंडरिया विधायक भावना बोहरा द्वारा वनांचल ग्राम लोखान में प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को गृह प्रवेश कराया गया व लाभार्थियों को शुभकामनाएं दी। ग्राम में निर्माणाधीन पंचायत भवन में माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा ईंट जोड़ाई कर निर्माण कार्य में जुटे श्रमिकों से ऊन्होने मुलाकात की और उनके साथ अंगाकर रोटी एवं बोरे बासी भोजन किया। तत्पश्चात ग्राम कमराखोल में जन चौपाल के माध्यम से मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी ने जनता से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं से अवगत हुए व उसका निराकरण किया साथ ही क्षेत्र में महतारी सदन स्थापना और विभिन्न विकास कार्यों की घोषणा की गई जिसके लिए विधायक भावना बोहरा व क्षेत्रवासियों ने माननीय मुख्यमंत्री जी का आभार व्यक्त किया। इस दौरान उन्होंने लखपति दीदीयों, स्वयंसहायता समूह की बहनों तथा शासन की विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों से मिलकर संवाद किया तथा पीएम आवास योजना के तहत निर्माणाधीन घरों का निरीक्षण किया गया।

जीत का जश्न



# बंगाल-असम जीत पर बीजेपी में जश्न, प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने दी बधाई

- कार्यकर्ताओं के परिश्रम को बताया जीत की वजह, कहा- ममता गई, अब बंगाल में समता आई

**रायपुर (विश्व परिवार)।** भारतीय जनता पार्टी की बंगाल और असम में मिली बड़ी जीत को लेकर प्रदेश भर में उत्साह का माहौल है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने इस जीत पर सभी कार्यकर्ताओं और समर्थकों को बधाई दी है।

किरण देव ने कहा कि यह जीत पार्टी कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम और समर्पण का परिणाम है। उन्होंने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर निशाना साधते हुए कहा, ममता गई, अब बंगाल में समता आई।

असम को लेकर उन्होंने कहा कि यह जीत राज्य के विकास के लिए नई ऊर्जा लेकर आई है और भाजपा अब पहले से ज्यादा मजबूती के साथ विकास कार्यों में जुटेगी।

सूत्रों के मुताबिक, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष कुछ ही देर में एकात्म परिसर पहुंचेंगे, जहां वे कार्यकर्ताओं के साथ इस जीत का जश्न मनाएंगे। पार्टी कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है और जश्न की तैयारियां जोरों पर हैं।

# ट्रांसमिशन कंपनी और ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी के बीच सामूहिक दुर्घटना बीमा पर हुआ अनुबंध



**रायपुर (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के मानव संसाधन विभाग द्वारा अपने नियमित अधिकारियों- कर्मचारियों के लिए सामूहिक व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा पॉलिसी कराई गई। इस संबंध में आज मुख्य अभियंता मानव संसाधन ट्रांसमिशन कार्यालय में अनुबंध करार किया गया। बीमा पॉलिसी 5 मई 2026 रात्रि 12 बजे से एक वर्ष के लिए प्रभावशील होगी।

इस अवसर पर मुख्य अभियंता मानव संसाधन ट्रांसमिशन श्रीमती रश्मि वर्मा एवं ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी के क्षेत्रीय प्रबंधक श्री प्रदीप कुमार सिंहा के बीच औपचारिक दस्तावेजों का आदान प्रदान किया गया। कार्यक्रम मे उपमहाप्रबंधक औद्योगिक संबंध श्री गोपाल खंडेलवाल, सहायक प्रबंधक श्री टीपी शर्मा ,ओरिएंटल इंश्योरेंशन कंपनी के महाप्रबंधक श्री लुकेश साहू उपस्थित थे। योजना के तहत कार्य अवधि में मृत्यु होने पर जोखिम राशि रुपए 15 लाख एवं कार्य अवधि के अलावा अन्य अवधि में दुर्घटनावश मृत्यु होने पर राशि रुपए 5 लाख प्रति कार्मिक देने का प्रावधान किया गया है। कंपनी द्वारा दुर्घटना की सूचना अनिवार्य रूप से बीमा कंपनी को 24 घंटे के भीतर देना होगा। साथ ही 30 दिन के अंदर निर्धारित दावा प्रपत्र एवं समस्त वांछित दस्तावेजों की 3प्रतियां व्यक्तिगत रूप से उप महा प्रबंधक औद्योगिक संबंध छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कार्यालय से परीक्षण कराके बीमा कंपनी को भेजना अनिवार्य होगा।

# दावड़ा यूनिवर्सिटी एवं एनआईटी रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन




**रायपुर (विश्व परिवार)।** इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, रायपुर के निदेशक प्रो. एन. वी. रमना राव ने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान समय में आर्थिक असमानता, पर्यावरणीय संकट एवं तकनीकी परिवर्तन जैसी वैश्विक चुनौतियाँ बहुआयामी हैं, जिनका समाधान केवल बहु-विषयक दृष्टिकोण के माध्यम से ही संभव है। विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित छत्तीसगढ़ सीबीआई के आईजी डॉ. ध्रुव गुप्ता ने अपने उद्बोधन में गरीबी उन्मूलन को वैश्विक चुनौती बताते हुए समन्वित प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया तथा शोधार्थियों को पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली पर शोध हेतु प्रेरित किया।

श्री दावड़ा यूनिवर्सिटी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं संस्थापक श्री चिन्मय दावड़ा ने अपने संदेश में बहु-विषयक सहयोग को वर्तमान समय की आवश्यकता बताया। महानिदेशक डॉ. चार्मी दावड़ा ने इस प्रकार के आयोजनों को ज्ञान-विनिमय हेतु महत्वपूर्ण बताया। महंत लक्ष्मीनारायण दास महाविद्यालय, रायपुर के प्राचार्य डॉ. देवाशीष मुखर्जी ने शिक्षा एवं शोध में सहयोग की आवश्यकता पर बल दिया।

# केरलम में कांग्रेस की जीत पर बधाई, चुनाव परिणाम हमारी अपेक्षाओं के अनुरूप नहीं : बैज



**रायपुर (विश्व परिवार)।** पांच राज्यों के चुनाव परिणामों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुये प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि केरल की जनता ने कांग्रेस पर भरोसा जताया। वहां कांग्रेस की सरकार बनेगी। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस केरलम की जनता को हार्दिक धन्यवाद देती है कि उन्होंने यूडीएफ को भारी बहुमत से सेवा का मौका दिया है। हमारी जिम्मेदारी हम पहचानते है और केरलम की जनता ने जो विश्वास हम में जताया है, हम उस पर खरा उतरेंगे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि केरलम को छोड़कर जो अन्य नतीजे आये है वो कांग्रेस पार्टी की उम्मीदो से कम है। लेकिन कांग्रेस पार्टी ना निराश है ना हताश।

# विकास और राष्ट्रवाद की हुई जीत : अरुण साव



**रायपुर (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी विधानसभा चुनाव परिणामों में भारतीय जनता पार्टी और एनडीए की ऐतिहासिक बढ़त व शानदार सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व और जनता के अटूट विश्वास की जीत बताया है। पश्चिम बंगाल के नतीजों पर प्रतिक्रिया देते हुए उप मुख्यमंत्री श्री साव ने कहा कि पश्चिम बंगाल में भाजपा पहली बार स्पष्ट और प्रचंड बहुमत के साथ सरकार बनाने की ओर अग्रसर है। यह ऐतिहासिक जनादेश भारतीय जनसंघ के संस्थापक, महान राष्ट्रभक्त अमर बलिदानी डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी को पश्चिम बंगाल की पावन धरा की ओर से दी गई सच्ची श्रद्धांजलि है। इसी प्रकार असम में लगातार तीसरी बार भाजपा की सत्ता में वापसी यह दर्शाती है कि पूर्वोत्तर में शांति और विकास की राजनीति ने विभाजनकारी ताकतों को जड़ से मिटा दिया है।

# स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 की तैयारी के लिए बीरगांव निगम आयुक्त ने ली प्रशिक्षण बैठक



**बीरगांव (विश्व परिवार)।** नगर पालिक निगम बीरगांव में स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 की तैयारियों को लेकर आज एक महत्वपूर्ण बैठक निगम आयुक्त श्री युगल किशोर उर्वशा की उपस्थिति मे हुई , जिसमें नगर निगम के अधिकारी, कर्मचारी एवं स्वच्छता से जुड़े विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक में निगम आयुक्त श्री उर्वशा ने स्वच्छ सर्वेक्षण के मानकों, मूल्यांकन प्रक्रिया तथा नागरिक सहभागिता के महत्व पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण केवल एक प्रतियोगिता नहीं, बल्कि शहर को स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ बनाने का एक जनआंदोलन है, जिसमें प्रत्येक नागरिक की भागीदारी आवश्यक है। प्रशिक्षण सत्र में स्वच्छता सर्वेक्षण के विभिन्न बिंदुओं जैसे डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण, स्त्रोत पर कचरा पृथक्करण, सार्वजनिक स्थलों की सफाई, प्लास्टिक मुक्त अभियान एवं जागरूकता गतिविधियों पर विशेष जोर दिया गया। संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने वार्डों में नियमित मॉनिटरिंग करें और नागरिकों को स्वच्छता के प्रति प्रेरित करें।

आयोजन | सिंगर परेश पाहुजा के साथ झूमे युवा

# आंजनेय यूनिवर्सिटी: उड़ान 4.0 की स्टार नाइट में गूंजा दूरों दूरों



**रायपुर (विश्व परिवार)।** 'उड़ान 4.0' के अंतर्गत आयोजित भव्य स्टार नाइट कार्यक्रम में सिंगर, एक्टर और लाइव परफॉर्मर परेश पाहुजा ने अपनी शानदार प्रस्तुति से माहौल को संगीतमय बना दिया। खास तौर पर उनका लोकप्रिय गीत दूरों दूरों जैसे ही गूंजा, पूरा परिसर एक अलग ही ऊर्जा से भर उठा।

दूरों दूरों की मधुर धुन और दिल को छू लेने वाली आवाज़ ने युवाओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। गीत की हर पंक्ति के साथ दर्शक खुद को जुड़ा हुआ महसूस कर रहे थे।

हजारों युवाओं ने एक साथ मोबाइल फ्लैशलाइट जलाकर वातावरण को और भी खूबसूरत बना दिया। परेश पाहुजा की लाइव परफॉर्मेंस ने न केवल संगीत का जादू बिखेरा, बल्कि युवाओं के दिलों में एक खास जगह भी बना ली। कार्यक्रम में उपस्थित सभी दर्शक गीतों की धुन पर झूमते और थिरकते नजर आए। उड़ान 4.0 की यह स्टार नाइट कार्यक्रम का सबसे आकर्षक और यादगार पल बन गई। कार्यक्रम के अंत में सभी ने परेश पाहुजा की शानदार प्रस्तुति के लिए जोरदार तालियों के साथ आभार व्यक्त किया और इस यादगार शाम को लंबे समय तक संजोकर रखने की बात कही।


## उड़ान 4.0 में फैशन शो ने बिखेरा रचनात्मकता और सौंदर्य का रंग

उड़ान 4.0' के अंतर्गत आयोजित फैशन शो में प्रतिभा, रचनात्मकता और आधुनिक फैशन का आकर्षक प्रदर्शन देखने को मिला। कार्यक्रम में विभिन्न डिज़ाइनरों ने अपनी अनूठी थीम के माध्यम से दर्शकों के सामने कला और अभिव्यक्ति का प्रभावशाली संगम प्रस्तुत किया। डिज़ाइनर बी. रोशनी की थीम ब्लैक टू व्हाइट- द अनटोल्ड कॉन्ट्रास्ट ने द्वंद्व और संतुलन की कहानी को दर्शाया, जहां सफेद की सरलता और काले की गहराई के बीच पहचान और अभिव्यक्ति का नया रूप उभरकर सामने आया। लस्टर ऑफ द डीप कलेक्शन में मोतियों की शांत शक्ति और गहरे वाइन रंगों के साथ सौंदर्य और मजबूती का अनूठा संयोजन देखने को मिला। वहीं डिज़ाइनर रानी महतो की थीम नीरांगना- ग्रेस बिनीथ स्टिल वाटर्स ने कमल से प्रेरित पवित्रता, पुनर्जन्म और आंतरिक शक्ति को बेहद सुंदर ढंग से प्रस्तुत किया। फैशन शो के दौरान प्रतिभागियों ने आत्मविश्वास और गरिमा के साथ रैंप वॉक किया, जिससे पूरा वातावरण उत्साह और ऊर्जा से भर गया। यह आयोजन केवल फैशन का प्रदर्शन नहीं, बल्कि आत्म-अभिव्यक्ति और रचनात्मकता का सशक्त मंच बनकर उभरा।


॥ श्री पार्श्वनाथाय नमः ॥

अग्रणी समाजसेवी, प्रखर वक्ता, पूर्व सम्पादक-दैनिक विश्व परिवार, पूर्व अध्यक्ष-पत्रकार भवन

## कीर्तिशेष श्री प्रवीण कुमार जैन



के द्वितीय पुण्य स्मरण दिवस पर आपके चरणों में नमन् एवं वंदन करते हैं।

### श्रद्धावन्त परिवार

श्री हुकुमचंद जैन पड़रा
श्रीमती सरोज-श्री सुरेश कुमार जैन, नागपुर
श्रीमती नीलम-श्री धन्य कुमार जैन, महरौनी
श्रीमती अंजू-श्री रविंद्र कुमार जैन, रेलवे झांसी
श्रीमती संध्या-श्री राजेश कुमार जैन, अहमदाबाद
श्रीमती सुनीता-श्री शैलेंद्र कुमार जैन, तुमसर
श्रीमती सुरुचि-श्री आलोक कुमार जैन ,
श्रीमती बिंजल-श्री आशीष कुमार जैन, इन्दौर
श्रीमती भूमिका-श्री शरद जैन, मुम्बई
श्रीमती कृति- श्री विक्रम जैन, जबलपुर
श्रीमती श्रुति- श्री रविन्द्र कुमार जैन, जबलपुर
श्रीमती दिव्या- श्री हितेश जैन, अहमदाबाद
श्रीमती वर्षा- श्री आशीष कुमार जैन, दुर्ग

श्रीमती ममता- सरल कुमार जैन
श्रीमती नीलम-सुराज कुमार जैन
श्रीमती मिथलेश-शिखर चन्द्र जैन
श्रीमती रागिनी-शैलेष जैन
श्रीमती अमिता- राजीव जैन
श्रीमती प्रांजल-सावन जैन,
इ. शुभम जैन
श्रीमती सिल्की-प्रियेश कुमार जैन
श्रीमती प्रतीक्षा-प्रसंग जैन
खुशी, एरा, हर्षिता, अरनव, मुदिता, भविका एवं परिवारजन

**पिताश्री-माताश्री :**
श्रीमती देवी-कीर्तिशेष कैलाश चन्द्र जैन
धर्मपत्नी : श्रीमती डॉ. राखी जैन
**चाचा-चाची :**
श्रीमती पुष्पा-कीर्तिशेष डॉ. राजेन्द्र कुमार जैन
श्रीमती आशा-डॉ. जिनेन्द्र कुमार जैन
**भाई-भाभी :**
श्रीमती नीना-प्रदीप कुमार जैन
श्रीमती अनुपमा-अमित कुमार जैन
श्रीमती रंजना-आलोक जैन
श्रीमती डॉ. सचिता-डॉ. जयेश जैन
**पुत्र-पुत्री :**
डॉ. यश जैन, कु. स्वस्ति जैन
**पुत्र-पुत्रवधू :**
श्रीमती तान्या-इं. अतिशय जैन

**प्रतिष्ठान**
* विश्व परिवार प्रकाशन * पारस हैल्थ केयर एवं मल्टी स्पेशलिटी सेन्टर, झांसी
* पूर्णायु गौशाला, झांसी * वीरांगना प्रिन्टर्स एण्ड पब्लिशर्स, झांसी / रायपुर

सम्पर्क : 9415073930, 8299452373, 8004327378


प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा आसमां पब्लिसर्स इंडिया प्रा.लि. पंजाब नेशनल बैंक के सामने, जयस्तंभ चौक, रायपुर से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354